दैनिक

लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार,झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी




गले में रूद्राक्ष........



सलमान की सिकंदर में एंट्री पक्की......


वर्ष : 11 | अंक : 49 | लखनऊ, 05 फरवरी, बुधवार 2025 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए


# सीएम योगी का खड़गे और अखिलेश पर तीखा वार

## सपा और कांग्रेस सनातन विरोधी, महाकुंभ पर फैला रहे झूठ

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार



लखनऊ,उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को महाकुंभ में भगदड़ पर की गई टिप्पणी के लिए अखिलेश यादव की आलोचना की और कहा कि सामलवादी पार्टी महाकुंभ पर झूठ फैला रही है। उन्होंने कहा कि सनातन और प्रयागराज की घटना के खिलाफ बोलने के लिए कांग्रेस और सपा ने हाथ मिला लिया है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि सपा और कांग्रेस सतनात विरोधी हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का बयान शर्मनाक है। योगी ने कहा कि समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष का यह वक्तव्य हास्यास्पद है। अखिलेश पर पलटवार करते हुए योगी ने कहा ये लोग 12 बजे सोकर उठते हैं, पार्टी कार्यालय जो उन्हें प्रेस नोट बनाकर देता है, वही पढ़ देते हैं। हमने बार-बार कहा है कि 40-45 करोड़ लोग स्नान यहां करेंगे। उन्होंने कहा कि यह लोग पहले दिन से चाहते थे की महाकुंभ में कोई अनहोनी हो। उन्होंने कहा कि अखिलेश का चरित्र सनातन विरोधी है। महाकुंभ की घटना पर शरारती तत्व झूठ फैला रहे हैं।

सीएम ने दावा किया कि शरारती तत्व चाह रहे थे कि घटना और ज्यादा बड़ी हो जाए। खड़गे और अखिलेश पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि दोनों नेताओं में सनातन धर्म के खिलाफ बयान देने की होड़ लगी हुई है की कौन कितनी ज्यादा सनातन धर्म के खिलाफ बयानबाजी करे। उन्होंने कहा कि संसद में इन्होंने जो बयान दिया है यह इनकी सनातन धर्म विरोधी चरित्र को दिखाता है और यह बताता है की यह सनातन धर्म से कितनी नफरत करते हैं। महाकुंभ पर इनकी गिद्ध दृष्टि लगी हुई थी।

भगदड़ को लेकर योगी ने कहा कि यह एक दुखद घटना थी। मेला प्रशासन, पुलिस, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, सिविल डिफेंस ने तुरंत घायलों को अस्पताल पहुंचाया। यह अपने आप में एक उदाहरण है। उस दिन करोड़ों लोग प्रयागराज में थे। ये दोनों दल और सनातनी विरोधी चाहते थे कि कोई बड़ा हादसा हो जाए। हमारी पहली प्राथमिकता दुर्घटना-मुक्त मेला सुनिश्चित करना था, दुर्भाग्य से यह घटना हुई...हमने पीड़ित परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की और मौद्रिक मुआवजे की घोषणा की। जानमाल के नुकसान की भरपाई नहीं की जा सकती लेकिन हमने हरसंभव प्रयास किये।

उन्होंने कहा कि घायलों को इलाज मुहैया कराया गया। हमने इसके लिए एक न्यायिक आयोग भी बनाया। लेकिन हमारी प्राथमिकता लोगों की सुरक्षित घर वापसी सुनिश्चित करना थी। पिछले 22 दिनों में 38 करोड़ श्रद्धालु यहां आए हैं। अगले 22-23 दिनों में और भी श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है। इन पार्टियों की साजिश सफल नहीं होगी। हम 29 जनवरी को हुई घटना की गहराई तक जाएंगे, साजिशकताओं को बेनकाब करेंगे, पिछले 8 सालों में आपने देखा होगा कि यूपी में उन्हें कैसे सजा मिली है और आने वाले समय में भी आप ये देखेंगे।

हम आपको बता दें कि भगदड़ की घटना की जांच के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गठित तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग ने शुक्रवार को घटनास्थल का दौरा किया था। बताया जा रहा है कि साजिश के संदर्भ में जांच का काम यूपी एसटीएफ और महाकुंभ मेला की पुलिस भी कर रही है।

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में चल रहे महाकुम्भ में 29 जनवरी को मौनी अमावस्या पर्व के दौरान हुई भगदड़ की घटना मामले की जांच कर रहे दल ने घटना के पीछे साजिश के पहलू पर भी ध्यान केंद्रित किया है क्योंकि उन्हें कुछ संदिग्ध नजर आ गया है। हम आपको बता दें कि मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक जांचकर्ता 16,000 से अधिक मोबाइल नंबरों का डेटा विश्लेषण कर रहे हैं, जोकि भगदड़ वाले स्थल यानि संगम नोज क्षेत्र पर सक्रिय थे।

# जब सत्ता सेवा बन जाए, तो राष्ट्र निर्माण होता है

## राहुल के आरोपों पर बोले पीएम, हम संविधान को जीते हैं

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हम संविधान को जीते हैं। उन्होंने कहा कि संविधान में जो धाराएं हैं, एक स्पिरिट भी है। मोदी ने कहा कि संविधान को मजबूती देने के लिए संविधान की भावना को जीना पड़ता है। हम वो लोग हैं जो संविधान को जीते हैं। मोदी ने कहा कि 2014 में जब हम आए, तब मान्य विपक्ष नहीं था। उतने अंक लेकर भी कोई नहीं आया था। भारत के अनेक कानून ऐसे थे कि हमें पूरी स्वतंत्रता थी उस कानून के हिसाब से काम करने की। अनेक कमेटियां भी ऐसी थीं, जिसमें लिखा था विपक्ष के नेता उसमें आएंगे, लेकिन विपक्ष कोई था ही नहीं।

प्रधानमंत्री ने साफ तौर पर कहा कि ये हमारा संविधान जीने का स्वभाव था, हमने तय किया कि भले मान्य विपक्ष नहीं होगा, लेकिन जो सबसे बड़े दल का नेता है, उसे मीटिंग्स में बुलाएंगे। उन्होंने कहा कि जब सत्ता सेवा बन जाए, तो राष्ट्र निर्माण होता है। जब सत्ता को विरासत बना दिया जाए, तो लोकतंत्र खत्म हो जाता है। उन्होंने कहा कि हम संविधान की भावना को लेकर चलते हैं, हम जहर की राजनीति नहीं करते हैं। हम देश की एकता को सर्वोपरि रखते हैं और इसलिए सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा स्टैच्यू ऑफ यूनिटी बनाते हैं। जो दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा है।

नरेंद्र मोदी ने कहा कि सात दशक तक जम्मू-कश्मीर-लद्दाख को संविधान के अधिकारों को अलग रखा गया। ये संविधान के साथ भी अन्याय था और जम्मू-कश्मीर-लद्दाख के साथ भी अन्याय था।

हमने अनुच्छेद 370 की दीवार गिरा दी। अब जम्मू-कश्मीर-लद्दाख को देशवासियों को जो अधिकार हैं, वो अधिकर उन्हें मिल रहे हैं। हम संविधान के महात्म्य को जानते हैं। संविधान की भावना को जीते हैं, इसलिए ऐसे मजबूत निर्णय भी हम करते हैं।

मौसम

अधिकतम तापमान 23.c

न्यूनतम तापमान 7.c

बाजार

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

सेंसेक्स 81,526.14

निफ्टी 24,641.80

# भारत-यूरोपीय संघ के रिश्ते पहले से कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण

### आईआईसी-ब्रूगल वार्षिक सेमिनार में बोले जयशंकर

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, वैश्विक अस्थिरता और अनिश्चितता के बीच दोनों के बीच संबंधों पर जोर देते हुए विदेश मंत्री सुब्रमण्यम जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि भारत और यूरोपीय संघ के बीच संबंध पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हैं। ऐसी दुनिया में जो इतनी अस्थिर और इतनी अनिश्चित होने का वादा करती है, एक मजबूत भारत-यूरोपीय संघ संबंध एक महत्वपूर्ण स्थिरीकरण कारक हो सकता है। दिल्ली में आईआईसी-ब्रूगल वार्षिक सेमिनार में अपने मुख्य भाषण के दौरान जयशंकर के हवाले से कहा कि भारत निश्चित रूप से पिछले कुछ वर्षों में यूरोप की व्यापक रणनीतिक जागृति से अवगत है। वह भी गहन जुड़ाव के चालक के रूप में काम कर सकता है।

जयशंकर ने कहा कि मुख्य बात यह है कि भारत-यूरोपीय संघ संबंध पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। मंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि हाल के वर्षों में यूरोपीय आयोग के साथ अधिक गहन जुड़ाव हुआ है। भारत और यूरोपीय संघ दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाएं हैं जिनके बीच साझा तालमेल है और वे महत्वपूर्ण व्यापार और निवेश के अवसर प्रदान करते हैं।

# राहुल गांधी को आत्मनिरीक्षण करने की जरूरत

## कांग्रेस नेता के दावे पर राजनाथ सिंह की नसीहत

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, लोकसभा में चीन को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के दावे के बाद सिसायी बवाल बढ़ गया है। राहुल गांधी के दावे पर अब रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पलटवार किया है। राजनाथ ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि राहुल गांधी ने 03 फरवरी 2025 को संसद में अपने भाषण में भारत-चीन सीमा पर स्थिति पर सेना प्रमुख के बयान पर झूठे आरोप लगाए। सेना प्रमुख की टिप्पणी में केवल दोनों पक्षों द्वारा पारंपरिक गश्त में गड़बड़ी का जिक्र था। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि हालिया विघटन के हिस्से के रूप में इन प्रथाओं को उनके पारंपरिक पैटर्न पर बहाल कर दिया गया है।

राजनाथ ने दावा किया कि सरकार ने ये ब्यौरा संसद में साझा किया है। राहुल गांधी ने सेना प्रमुख के लिए जो शब्द कहे, वे शब्द उन्होंने कभी नहीं कहे। यह अत्यंत खेद का विषय है कि राहुल गांधी को राष्ट्रीय हित के मुद्दों पर गैर-जिम्मेदाराना राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि कोई भारतीय क्षेत्र है जिसमें चीन आ गया है, तो यह 1962 के युद्ध के परिणामस्वरूप अक्साई चिन में 38,000 वर्ग किमी और 5,180 वर्ग किमी है। 1963 में पाकिस्तान द्वारा अवैध रूप से चीन को सौंप दिया गया। राहुल गांधी हमारे इतिहास के इस चरण के बारे में आत्मनिरीक्षण करने पर विचार कर सकते हैं।

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने सोमवार को आरोप लगाया कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने चीन के प्रवक्ता से भी ज्यादा पड़ोसी देश की तारीफ की। उन्होंने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा में भाग लेते हुए यह भी कहा कि नेता प्रतिपक्ष ने सदन के अंदर जो बातें की हैं उन्हें सत्यापित करना चाहिए, अन्यथा आसान को उनके खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी ने सदन के भीतर चीन के प्रवक्ता से भी ज्यादा चीन की तारीफ की है।

रीजीजू ने दावा किया, भारत की संसद के अंदर उन्हें जिस तरह से चीन का गुणगान किया ऐसा मैंने कभी नहीं सुना था। उन्होंने कहा कि 1959 और 1962 में चीन ने भारत की जमीन पर कब्जा किया उसके लिए राहुल गांधी को माफी मांगनी चाहिए क्योंकि उनके ही परिवार के पंडित नेहरू देश के प्रधानमंत्री थे।

संक्षिप्त समाचार

## पश्चिम बंगाल का नाम बदलकर 'बांग्ला' रखने की मांग

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, तृणमूल कांग्रेस ने पश्चिम बंगाल का नाम बदलकर 'बांग्ला' करने की मांग करते हुए कहा कि इसमें राज्य के इतिहास और संस्कृति की झलक मिलती है। राज्यसभा में शून्यकाल के दौरान इस मुद्दे को उठाते हुए, पार्टी सांसद रीताब्रत बनर्जी ने कहा कि पश्चिम बंगाल विधानसभा ने जुलाई 2018 में राज्य का नाम बदलने के लिए सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित किया था, लेकिन केंद्र अभी तक इस पर सहमत नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर कहा था कि 'पुनः नामकरण हमारे राज्य के इतिहास, संस्कृति और पहचान के अनुरूप होगा और हमारे लोगों की आकांक्षाओं को प्रतिबिंबित करेगा।

1947 के विभाजन ने बंगाल को विभाजित कर दिया। भारतीय हिस्से को पश्चिम बंगाल कहा गया और दूसरे हिस्से को पूर्वी पाकिस्तान नाम दिया गया। 1971 में पूर्वी पाकिस्तान ने स्वतंत्रता की घोषणा की और बांग्लादेश के रूप में एक नए राष्ट्र का गठन हुआ। उन्होंने कहा कि आज कोई पूर्वी पाकिस्तान नहीं है। हमारे राज्य का नाम बदलने की जरूरत है। पश्चिम बंगाल के लोगों के जनादेश का सम्मान करने की जरूरत है।

किसी भी राज्य का नाम आखिरी बार 2011 में बदला गया था, जब उड़ीसा ओडिशा बन गया था। पिछले कुछ वर्षों में कई शहरों के नाम में बदलाव देखा गया है। इनमें बॉम्बे शामिल है, जिसे 1995 में मुंबई में बदल दिया गया, 1996 में मद्रास को चेन्नई, 2001 में कलकत्ता को कोलकाता और 2014 में बैंगलोर को बेंगलुरु कर दिया गया। बीजद के देबाशीष सामंतराय ने बाली यात्रा को राष्ट्रीय त्योहार का दर्जा देने की मांग की।

# अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की

## आतंक के समूल सफाये के लिए दिशा-निर्देश दिये

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की, जहां हाल के दिनों में आतंकवाद की कुछ घटनाएं हुई हैं। बताया जा रहा है कि अमित शाह ने आतंकवाद के खिलाफ शून्य सहनशीलता नीति की वस्तु स्थिति और आतंकवादियों के खिलाफ चल रहे अभियानों पर चर्चा की। हम आपको बता दें कि यह समीक्षा बैठक दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले में हुए आतंकवादी हमले के एक दिन बाद हुई है जिसमें सोमवार को पूर्व सैनिक मंजूर अहमद वागे की मौत हो गई थी और उनकी पत्नी और भतीजी घायल हो गई थीं। जम्मू-कश्मीर पुलिस, सेना, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने बैठक में भाग लिया। हम आपको बता दें कि जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा स्थिति की पिछली समीक्षा बैठक 19 दिसंबर 2024 को हुई थी। उस समय अमित शाह ने सभी सुरक्षा एजेंसियों को जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को खत्म करने के लिए समन्वित तरीके से काम करना जारी रखने का निर्देश दिया था।

आज की बैठक में भी गृह मंत्री ने आतंकवाद के समूल सफाये के संबंध में दिशा-निर्देश दिये हैं। सरकार का कहना है कि आतंकवादी घटनाओं, घुसपैठ और आतंकवादी संगठनों में युवाओं की भर्ती में उल्लेखनीय कमी आई है। हम आपको बता दें कि सुरक्षा बलों ने पिछले सप्ताह जम्मू-कश्मीर में बड़े पैमाने पर अभियान शुरू किया था, मुख्यतः नियंत्रण रेखा के निकट ऊंचे इलाकों और जंगली इलाकों में ताकि पिछले वर्ष विभिन्न जिलों में कई हमलों को अंजाम देने वाले आतंकवादियों का पता लगाया जा सके।

# छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में माओवादियों ने दो ग्रामीणों की हत्या की

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

बीजापुर। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में संदिग्ध माओवादियों ने दो ग्रामीणों की गला रेतकर हत्या कर दी है। पुलिस अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के तर्रेम थाना क्षेत्र के अंतर्गत बुड़गीचेरू गांव में संदिग्ध माओवादियों ने दो ग्रामीणों कारम राजू (32) और माड़वी मुन्ना (27) की धारदार हथियार से गला रेत कर हत्या कर दी है।

उन्होंने बताया कि पुलिस को जानकारी मिली है कि सोमवार रात अज्ञात माओवादी गांव पहुंचे और उन्होंने दोनों ग्रामीणों की गला रेतकर हत्या कर दी। उन्होंने बताया कि घटना को अंजाम देने के बाद माओवादी वहां से फरार हो गए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने के बाद सुरक्षाबलों को गांव के लिए रवाना किया गया है। इससे पहले, 26 जनवरी को बीजापुर के भैरमगढ़ इलाके में नक्सलियों ने 41 वर्षीय एक व्यक्ति की हत्या कर दी थी।

उस पर माओवादियों ने पुलिस का मुखबिर होने का आरोप लगाया था। नक्सलियों ने 16 जनवरी को भी बीजापुर के मिरतुर इलाके में पुलिस मुखबिर होने के संदेह में 48 वर्षीय एक व्यक्ति की हत्या कर दी थी। पुलिस के अनुसार, पिछले साल बीजापुर समेत सात जिलों वाले बस्तर क्षेत्र में माओवादी हिंसा की अलग-अलग घटनाओं में 68 नागरिक मारे गए थे।

# सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी ने मणिपुर में हिंसा पीड़ित विधवाओं, बच्चों की मदद के लिए हाथ बढ़ाया

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार




पुणे। मणिपुर में जातीय हिंसा से प्रभावित लोगों की दुर्दशा से आहत होकर भारतीय सेना के एक सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट कर्नल ने विधवाओं को आजीविका कमाने में मदद करने और संघर्ष से प्रभावित बच्चों की शिक्षा के लिए धन जुटाने के लिए एक अभियान शुरू किया है। पुणे में पिछले माह सेना दिवस परेड के अवसर पर ले. कर्नल एल. मनोंगबा (सेवानिवृत्त) को इस पहल के लिए सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी द्वारा वेट्रन अचीवर पुरस्कार से सम्मानित किया था।

मणिपुर में 35 विधवाओं की आजीविका के लिए उन्हें छोटे उद्यम शुरू करवाने और अपने पिताओं को खो चुके 60 बच्चों की शिक्षा में सहयोग करने के लिए उनकी पहल को सराहना मिली। पूर्वोत्तर राज्य में मई 2023 से जातीय हिंसा जारी है और इस हिंसा के कारण सैकड़ों लोगों की जान जा चुकी है। ले. कर्नल मनोंगबा ने फोन पर पीटीआई-भाषा को बताया, विंग्स ऑफ होप पहल के माध्यम से हम मणिपुर में जातीय हिंसा से तबाह हुए लोगों के जीवन को फिर से पटरी पर लाने और आशा की किरण जगाने के अपने लक्ष्य पर काम कर रहे हैं।

वह पुणे स्थित राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) के 56 वें कोर्स के 1979 कैडर के अधिकारी रहे और सशस्त्र बलों से सेवानिवृत्त होने के बाद उन्होंने खुद को मणिपुर के पूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए समर्पित कर दिया। बाद में उन्होंने अपने सहपाठियों और मित्रों की मदद से विंग्स ऑफ होप नाम के एक धर्मार्थ गैर-लाभकारी संगठन की स्थापना की, जिसका उद्देश्य उत्तर-पूर्वी राज्य में जारी हिंसा से प्रभावित विधवाओं और बच्चों का उत्थान करना था। ट्रस्ट के गठन के बाद उनकी टीम ने प्रभावित क्षेत्रों में राहत शिविरों का दौरा करना शुरू किया। विंग्स ऑफ होप ने दो प्रमुख योजनाएं शुरू कीं - बच्चों की शिक्षा के लिए धन मुहैया कराना और विधवाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने में सहायता करना।

# अयोध्या राम मंदिर के मुख्य पुजारी को ब्रेन हेमरेज

## लखनऊ पीजीआई में भर्ती, हालत अब भी गंभीर

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार



लखनऊ, अयोध्या में राम मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास की तबीयत अचानक बिगड़ने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पता चला है कि उन्हें ब्रेन हेमरेज हुआ है और उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। तबीयत बिगड़ने के बाद दास को हाई ब्लड प्रेशर के कारण तुरंत शाम 7 बजे के आसपास अयोध्या के श्री राम अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उन्हें बेहतर इलाज के लिए पहले ट्रॉमा सेंटर और फिर लखनऊ के सिटी न्यूरो केयर अस्पताल में रेफर किया गया।

सीटी स्कैन के बाद पता चला कि उनके शरीर में करीब 17 जगहों पर खून का थक्का जम गया है और उन्हें गंभीर ब्रेन हैमरेज हुआ है। अयोध्या के न्यूरो सेंटर के चिकित्सक डॉ. अरुण कुमार सिंह ने बताया कि आचार्य दास को गंभीर हालत में लाया गया था। प्रारंभिक उपचार के बाद उनकी हालत गंभीर होने के कारण उन्हें आगे की देखभाल के लिए लखनऊ रेफर कर दिया गया। लखनऊ के पीजीआई ने बताया कि उनकी हालत अभी भी नाजुक बनी हुई है।

पीजीआई ने जो हेल्थ बुलेटिन जारी किया है उसके मुताबिक उनकी हालत बहुत गंभीर है। मौजूदा समय में उन्हें न्यूरोलॉजी वार्ड एचडीयू में भर्ती किया गया हैं और विशेषज्ञ डॉक्टरों की निगरानी में इलाज चल रहा है। वह मधुमेह और उच्च रक्तचाप से ग्रस्त हैं। उनकी हालत गंभीर है। वे फिलहाल स्थिर हैं। दास अप्रैल 1992 में श्री राम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी बने। वह 6 दिसंबर, 1992 को बाबरी मस्जिद के विध्वंस के बाद तम्बू में राम लला की पूजा करने में सक्रिय रूप से शामिल थे। जब राम लला को तम्बू से हटाया गया था 2020 में अस्थायी मंदिर में, आचार्य दास मुख्य पुजारी के रूप में काम करते रहे। वर्तमान में, वह अयोध्या में राम मंदिर के मुख्य पुजारी हैं।

22 जनवरी को प्रधानमंत्री मोदी की अगुवाई में एक कार्यक्रम में अयोध्या मंदिर में भगवान राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। वाराणसी के वरिष्ठ विद्वानों में गिने जाने वाले दीक्षित महाराष्ट्र के सोलापुर जिले के मूल निवासी थे लेकिन उनका परिवार कई पीढ़ियों से वाराणसी में रह रहा है। अक्टूबर 2024 में भी उनकी तबीयत खराब हो गई थी और तब उन्हें संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान (पीजीआई) में भर्ती कराया गया था। पीजीआई के न्यूरोलॉजी वार्ड के प्राइवेट रूम में डॉ. प्रकाश चंद्र पांडे की देखरेख में आचार्य दास का इलाज किया गया. संस्थान के निदेशक प्रोफेसर आरके धीमान ने उस वक्त भी बताया था कि आचार्य को किसी न्यूरोलॉजिकल समस्या का संदेह है।

# फ्रांस में चल रहा देश की कलात्मक विरासत का जश्न

## सुल्तानपुर के शुभांकर प्रकाश कला क्षेत्र में वैश्विक स्तर के प्रतिष्ठित आर्ट संस्थान के निदेशक ऑपरेशन हैं

### फ्रांस के पेरिस में आयोजित आयोजित हो रही भारत की विविध कलात्मक विरासत की प्रदर्शनी

**अमन लेखनी समाचार**





**लखनऊ।** फ्रांस के मशहूर शहर पेरिस में भारतीय कलाकारों की कृतियों को प्रदर्शित करने वाली एक कला प्रदर्शनी आयोजित की जा रही है। फरवरी प्रथम सप्ताह से आगामी 22 मार्च तक चलने वाली यह प्रदर्शनी पेरिस में प्रतिष्ठित 193 आर्ट गैलरी में आयोजित की जा रही है ।भारत की अमिट विरासत को दुनियां से रूबरू कराने के लिए उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर निवासी शुभांकर प्रकाश भारती (संचालन निदेशक) की अगुवाई वाले इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारत की समृद्ध और विविध कलात्मक विरासत का जश्न मनाना है, जिसमें देश की जीवंत संस्कृति और इतिहास को दशार्ने वाली शानदार कलाकृतियों का संग्रह एक साथ लाया जाएगा। प्रदर्शनी में पारंपरिक पेंटिंग, समकालीन कृतियाँ और मिश्रित मीडिया कृतियां सहित विभिन्न प्रकार की कलाएं प्रदर्शित की जाएँगी। आगंतुकों को भारतीय कलाकारों की अनूठी शैलियों और तकनीकों को जानने, उनकी रचनात्मक प्रक्रियाओं और उनकी उत्कृष्ट कृतियों के पीछे की कहानियों के बारे में जानकारी प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। अंतर्राष्ट्रीय कला और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता के लिए जानी जाने वाली 193 आर्ट गैलरी इस प्रदर्शनी के लिए एकदम सही जगह है। पेरिस के केंद्र में स्थित, गैलरी कला प्रेमियों और संग्रहकताओं को भारतीय कला की सुंदरता और गहराई की सराहना करने के लिए एक परिष्कृत और स्वागत योग्य स्थान प्रदान करती है।

### सुल्तानपुर के बेटे हैं, शुभांकर प्रकाश....

उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर जनपद के भारतीय साहित्य के प्रसारक और व्यवसायी राजेश कुमार के एक बेटी और दो बेटों में से एक शुभांकर प्रकाश भारती हैं। जेएनवी नवोदय विद्यालय सुल्तानपुर से शुभांकर ने बारहवीं कक्षा तक टॉप किया था। बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय में तीसरी रैंक हासिल की थी इसी क्रम में शुभंकर ने प्रवेश के लिए शांतिनिकेतन चुना ।फिर वहां से अपनी प्रतिभा के दम पर स्कॉलरशिप पर फ्रांस चले गए। जहां आगे की पढ़ाई की और अब वहां की प्रतिष्ठित आर्ट गैलरी में डायरेक्टर ऑफ ऑपरेशन है। शुभांकर के भाई रविंद्र प्रकाश बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के रिसर्च स्कॉलर हैं।

# चलते लोडर वाहन में अचानक लगी आग, अंदर रखा काफी सामान जलकर हुआ राख

**अमन लेखनी समाचार**




सरोजनीनगर, लखनऊ।सरोजनीनगर में मंगलवार को एक चलते लोडर वाहन में अचानक आग लग गई। चालक ने आनन फानन इसकी सूचना पुलिस और फायर कंट्रोल रूम को दी। सूचना के बाद पहुंची फायर टीम ने कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया। लेकिन तब तक लोडर वाहन के अंदर रखा काफी सामान जलकर राख हो गया। पुलिस के मुताबिक राजधानी लखनऊ में रहने वाले राकेश का छोटा हाथी लोडर वाहन (यूपी 32 केएन 3780) एलडीए कॉलोनी के सेक्टर, सी -1 में रहने वाला चालक अनुज चलाता है।मंगलवार करीब 3:15 बजे चालक अनुज अपने साथी गोसाईगंज निवासी अनिल के साथ सरोजनीनगर के दरोगा खेड़ा स्थित ओम लॉजिस्टिक गोदाम से कोरियर का सामान लाद कर ट्रांसपोर्ट नगर जा रहा था।तभी रास्ते में स्कूटर इंडिया पेट्रोल पंप पर उसने गाड़ी में डीजल डलाया और डीजल डलाने के बाद जैसे ही वहां से चला तो कानपुर रोड पर पहुंचते ही वाहन के इंजन से तेज धुआं निकलने लगा।इस पर अनुज ने गाड़ी साइड लगाई और इसकी सूचना पुलिस व फायर कंट्रोल रूम को दी। सूचना देने के बाद वह गाड़ी का सामान नीचे उतारने लगा। इस बीच आधे से ज्यादा सामान नीचे उतार चुका था, लेकिन तब तक आग बढ़कर सामान तक पहुंच गई।लोडर वाहन में दवाओं सहित अन्य कीमती सामान लदा था। हालाकि बाद में सरोजनीनगर एफएसओ सुमित प्रताप सिंह के नेतृत्व में पहुंची दमकल टीम ने आनन फानन आग पर काबू पा लिया। पर तब तक गाड़ी के अंदर रखा शेष सामान जलकर राख हो चुका था। एफएसओ सरोजनीनगर के मुताबिक इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है।

# बेखौफ चोरों ने मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपये के गहने किया पार



**अमन लेखनी समाचार**

सरोजनीनगर, लखनऊ।बिजनौर में बेखौफ चोरों ने सोमवार रात एक मकान का ताला तोड़कर अंदर रखी आलमारी से लाखों रुपये के गहने चोरी कर लिए। जानकारी होने के बाद पीड़ित ने मंगलवार को मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है।पुलिस सीसीटीवी के जरिए चोरों की तलाश में जुट गई है। बिजनौर के सरवन नगर स्थित लक्ष्य एवेन्यू निवासी सीमांत कुमार मिश्रा के मुताबिक वह सोमवार को शाम करीब 4:30 बजे अपने बेटे का जन्मदिन मनाने परिवार सहित एलडीए कॉलोनी स्थित सेक्टर -डी निवासी अपनी बड़ी बहन के घर गए थे। उनका कहना है कि तभी चोरों ने घटना अंजाम दी। वापस लौटने पर देखा तो घर का ताला टूटा होने के साथ अंदर कमरे में रखी दोनों अलमारियों के भी ताले टूटे मिले। जांच करने पर पता चला कि अलमारी के अंदर रखे करीब ढाई लाख रुपये कीमत के गहने चोर उठा ले गए हैं। इसके बाद उन्होंने घटना की सूचना बिजनौर पुलिस को दी। मंगलवार को बिजनौर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के जरिए चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

# यूपी में ठंड की वापसी, कई शहरों में बूंदाबांदी से बदला मौसम

**अमन लेखनी समाचार**



लखनऊ। वढ हींईं१ वस्त्रींशिः यूपी के मौसम में बदलाव हुआ है। प्रदेश के कई शहरों में सोमवार रात बूंदाबांदी हुई।ठंडी हवा चलती रही, जिससे ठंड बढ़ गई।मौसम विभाग ने मंगलवार को भी बादल छाए रहने व हल्की वर्षा का पूवार्नुमान जताया है।

मौसम का बदलाव सोमवार को देखने को मिला था, सुबह हल्के बादल रहे। दिनभर धूप निकली। अधिकतम तापमान करीब 27.2 डिग्री सेल्सियस था।मौसम विज्ञानी मोहम्मद दानिश ने बताया कि मंगलवार को बादल छाए रहने के साथ हल्की वर्षा हो सकती है। बुधवार दोपहर धूप निकलेगी।आगरा, मथुरा, फिरोजाबाद, कानपुर सहित आसपास के जिलों में सुबह बूंदाबांदी के बाद दोपहर में धूप निकलने की संभावना है। लखनऊ, कानपुर, उन्नाव, बाराबंकी, अयोध्या, गोंडा, बलरामपुर, बहराइच, श्रावस्ती, गाजीपुर, मथुरा, आगरा, मेरठ, प्रयागराज, वाराणसी, फतेहपुर, बांदा, बरेली समेत कई जिलों में धुंध रह सकती हैं इसके साथ ही तेज हवाएं भी चलेंगी।

### मेरठ के मौसम का पूवार्नुमान

मेरठ में मौसम विभाग के अनुसार जिले में बादलों के बीच बारिश के आसार हैं, धूप भी खिलेगी। इसके अलावा आर्द्रता 83 प्रतिशत रहेगी। सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि विश्वविद्यालय के मौसम केंद्र के प्रभारी डा. यूपी शाही ने बताया कि जनवरी में लगातार दिन में सर्दी का प्रभाव कम रहा है। रविवार को अचानक कोहरा छा गया।इसके पीछे मुख्य कारण एक के बाद एक दो पश्चिम विक्षोभ सक्रिय हुए हैं।इसके प्रभाव से मौसम बदला है। सोमवार और मंगलवार को आसमान में बादल छाए रहेंगे और कहीं-कहीं बरसात भी हो सकती है।

### आगरा का मौसम

आगरा शहर में सोमवार सुबह हल्के बादल रहे।दिनभर धूप निकली। अधिकतम तापमान 27.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 11.4 डिग्री सेल्सियस रहा।सामान्य तापमान से अधिकतम तापमान तीन डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 1.8 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा।रविवार को अधिकतम तापमान 26.3 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 12.8 डिग्री सेल्सियस रहा था। आज बारिश के आसार मौसम विभाग ने जताए हैं।

### बदायूं का मौसम

बदायूं में फरवरी के प्रथम सप्ताह में ही दिन में धूप की तेजी इतनी है कि लोगों ने गर्म कपड़े पहनना कम कर दिए है।लेकिन रात को सर्दी पड़ रही है। इसका असार लोगों की सेहत भी पड़ने लगा है।सोमवार सुबह को अच्छी धूप निकली।इससे जहां लोगों को सर्दी से राहत दी। वहीं दिन में तापमान में आए उछाल से लोगों की सेहत बिगड़ने लगी है। सोमवार को दिन में 18 से 20 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा चली। दिन में तीन बजे के बाद कुछ समय के लिए बादल छाए। लेकिन शाम होते होते सर्दी शुरू हो गई।मौसम विज्ञानी डा. मनमोहन सिंह ने बताया कि एक दो दिनों में तापमान में कमी आएगी।उन्होंने बताया कि फिलहाल वर्षा की संभावना नहीं है।

### मौसम विभाग ने जताया था पूवार्नुमान

मौसम विभाग ने पूवार्नुमान व्यक्त किया था कि दो फरवरी के बाद से मौसम बदल सकता है। एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्र्?िय हो रहा है जो 29 जनवरी से पश्चिमी हिमालयी क्षेत्रों को प्रभावित करेगा।उसके बाद पश्चिमी यूपी के कई जिलों में इसका प्रभाव देखने को मिलेगा, जिससे बारिश होने की संभावना बन रही है।

# मेट्रो स्टेशन पर तीन जिंदा कारतूस के साथ पकड़ा गया युवक,पुलिस ने भेजा जेल

**अमन लेखनी समाचार**

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर स्थित ट्रांसपोर्ट नगर मेट्रो स्टेशन पर सोमवार रात एक युवक 315 बोर के 3 जिंदा कारतूस के साथ पकड़ा गया।मेट्रो स्टेशन सुरक्षा कर्मियों ने उसे सरोजनीनगर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने बरामद कारतूस कब्जे में लेकर आरोपी खिलाफ कार्रवाई करते हुए मंगलवार को उसे जेल भेज दिया है। सरोजनीनगर प्रभारी निरीक्षक राजदेव राम प्रजापति के मुताबिक सोमवार रात करीब 8 बजे एक युवक ट्रांसपोर्ट नगर मेट्रो स्टेशन पहुंचा। उसे मेट्रो रेल से आलमबाग जाना था। लेकिन मेट्रो स्टेशन पर सुरक्षा जांच के समय उसके बैग की स्कैनिंग के दौरान उसके पास 315 बोर के 3 जिंदा कारतूस बरामद हुए।इस पर मेट्रो स्टेशन सुरक्षाकर्मियों ने उसे हिरासत में ले लिया। बाद में ट्रांसपोर्ट नगर मेट्रो कंट्रोलर विनय गौड़ ने इसकी सूचना सरोजनीनगर थाने पर दी। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने पकड़े गए युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना नाम अलीगढ़ जिले के इगलास थाना



अंतर्गत महिवला निवासी दिनेश कुमार पुत्र ऋषि पाल सिंह बताया।पूछताछ के दौरान वह बरामद कारतूसों के बारे में कोई स्पष्ट जवाब नहीं दे सका।इसके बाद बरामद कारतूसों को कब्जे में लेने के साथ ही पकड़े गए युवक के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसे मंगलवार को जेल भेज दिया गया है।

# किशोर छात्र को पड़ोसी के बेटे ने पैसे की मांग पूरी न होने पर दोस्तों संग पीटा, हालत गंभीर

**अमन लेखनी समाचार**

**लखनऊ ।** आलमबाग कोतवाली इलाके स्थित रेलवे के 40 क्वाटर में रहने वाले एक 15 वर्षीय किशोर छात्र को उसके पड़ोसी के बेटे ने पैसे की मांग पूरी न होने पर दोस्तों संग जमकर पीटाई कर जान से मारने की धमकी दे फरार हो गया। वहीं पीड़ित पिता ने अपने पुत्र को गंभीर हालत में इलाज के लिए रेलवे अस्पताल में भर्ती कराया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टरों ने चरक अस्पताल दुबगा रिफर कर दिया है। जहां चोटिल किशोर छात्र का आईसीयू में भर्ती कर इलाज चल रहा है। वहीं पीड़ित पिता ने आरोपित पड़ोसी के पुत्र सहित उसके दोस्तों के खिलाफ लिखित शिकायत की है। आलमबाग कोतवाली प्रभारी कपिल गौतम ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित रेलवे के 40 क्वार्टर आलमबाग निवासी सुनील कु० राय पुत्र स्व0 महादेव के अनुसार वह उत्तर रेलवे चारबाग में कार्यरत है और उनका 15 वर्षीय पुत्र लखनऊ पब्लिक स्कूल आनन्द नगर कक्षा 11 का छात्र है ।आरोप है कि उनके पड़ोस में रहने वाले हिमान्शु तथा उसका मित्र शिवम बरहा कलोनी आलमबाग निवासी ने बीते 30 जनवरी की रात्रि 8.30 बजे अपने अन्य साथियो के साथ आनन्द नगर में बुरी तरह से उनके पुत्र को मारा पीटा जिससे उनके पुत्र को अंदरूनी गंभीर चोटे आई। जिसके उपचार के लिए उन्होंने बेटे को उत्तर रेलवे चारबाग अस्पताल में भर्ति कराया जहां से उपचार के बाद डाक्टरों ने चरक अस्पताल दुबगा लखनऊ में उपचार के लिए रेफर कर दिया। जहां उनके पुत्र का अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कर इलाज चल रहा है।वहीं पीड़ित पिता का कहना था कि उनके पुत्र ने उन्हें बीते 29 जनवरी को बताया था कि उक्त लोग उनके बेटे को मारते पीटते हैं और धमकीं दे पांच हजार रुपये की मांग कर नहीं देने पर दोनो पैर काट देने के साथ जान से मारने की धमकी दी है।वहीं लड़को को कोई केमिकल जैसा पेय द्रव्य पदार्थ पिने की डाक्टर द्वारा पुष्टि की गई है। उसकी हालत गम्भीर बनी हुई है। जिसका इलाज चल रहा है ।जिसके चलते उन्होंने अपने पड़ोसी लडके सहित उसके अन्य साथियों के खिलाफ स्थानीय आलमबाग कोतवाली में पुलिस से लिखित शिकायत की है ।पुलिस के अनुसार पीड़ित पिता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# दो ट्रक आपस में टकराए केबिन में फंसा चालक, मौत

### हादसों का अड्डा बना थाना क्षेत्र का बनी पुल, तीन दिन में तीन मौतें

**अमन लेखनी समाचार**

बंथरा। थाना क्षेत्र के बनी पुल के पास तीन दिन से लगातार हो रहे हादसों में तीन लोगों की जान चली गई। मंगलवार को आगे चल रहे ट्रक में पीछे से आ रहा ट्रक घुस गया। चालक सल्लू (20) केबिन में ही फंस गया।

अग्निशमन कर्मियों ने दो घंटे की मशक्कत कर केबिन को काटकर उसे बाहर निकाला। लेकिन तब तक उसकी मौत हो गई। दो घंटे केबिन में फंसा रहा ड्राइवर

कानपुर के बिधूना निवासी सल्लू (30) ट्रक लेकर लखनऊ से कानपुर जा रहा था। पुलिस के मुताबिक मंगलवार तड़के करीब पांच बजे सल्लू बंथरा स्थित बनी पुल पार कर आगे बढ़ा तभी वह आगे चल रहे ट्रक में घुस गया। टक्कर से ट्रक का केबिन भीतर की ओर घुस गया। ड्राइवर सल्लू केबिन में ही फंस गया। पुलिसकर्मियों ने उसे बाहर निकालने की कोशिश की पर सफलता नहीं मिली। इसके बाद अग्निशमन विभाग को सूचित किया गया। कुछ ही देर में एफएसओ सरोजनीनगर सुमित प्रताप सिंह टीम के साथ पहुंच गए। एफएसओ के मुताबिक वह पहुंचे तो ड्राइवर सीट और स्टेयरिंग के बीच में फंसा हुआ था। अग्निशमन कर्मियों ने हाइड्रा की मदद से दोनों गाड़ियों को खींचकर अलग किया।इसके बाद कटर की मदद से गाड़ी की बॉडी काटकर किसी तरह उसे बाहर निकाला। इस दौरान करीब दो घंटे का समय लगा। पुलिसकर्मियों ने गंभीर हालत में उसे सीएचसी सरोजनीनगर भेजवाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# साध्वी संजना नंद गिरि 5,340 किलोमीटर चतुष्पथ धर्म यात्रा कर सनातन का करेंगी प्रसार

### देंगी राष्ट्रीय एकता का संदेश

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। कामाख्या पीठ की साधिका व निरंजनी अखाड़े की महामंडलेश्वर साध्वी संजना नंद गिरि देशभर में 5,340 किलोमीटर तक चतुष्पथ धर्म यात्रा कर सनातन का प्रचार-प्रसार करेंगी। साथ ही "एक भारत, दिव्य भारत, अखंड भारत" का संदेश देंगी।

15 मार्च के बाद यह यात्रा कामाख्या पीठ से शुरू होगी और दो माह तक जारी रहेगी।यात्रा 56 पड़ावों से होते हुए आगे बढ़ेगी।महामंडलेश्वर संजनानंद गिरि ने मंगलवार को लखनऊ में इस यात्रा का जयघोष किया।उन्होंने कहा कि यात्रा में सनातन धर्म के प्रति लोगों में फैल रही अलग-अलग व्याख्याओं व गलत धारणाओं का निवारण करने के साथ ही नूतन धर्म जन जागरण किया जाएगा।




### संपूर्ण यात्रा को दो चरणों में बांटा गया

संपूर्ण यात्रा को दो चरणों में बांटा गया है। पहले चरण में कामाख्या पीठ से जोधपुर तक और दूसरे चरण में रामेश्वरम से कश्मीर के लाल चौक पर यात्रा की जाएगी। यात्रा के संपर्क प्रमुख दुष्यंत प्रताप सिंह ने बताया कि इस यात्रा के लिए फिल्म व कला जगत के सितारों ने भी समर्थन दिया है। हरियाणा के सरपंच खाप के पूर्व प्रधान वेद प्रकाश ने भी अपना समर्थन दिया।

अभिनेत्री ममता कुलकर्णी को किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर बनाए जाने पर हुए विवाद के बारे में संजना नंद गिरि ने कहा कि ममता को छह महीने का समय देना चाहिए था। वह अखाड़े के कायदे समझतीं और फिर मयार्दा में न रहतीं तो उन पर कार्रवाई की जानी चाहिए थी।

### साध्वी संजना ने इस सवाल का नहीं दिया जवाब

ममता को महामंडलेश्वर बनाने पर बागेश्वर धाम के धीरेंद्र शास्त्री ने प्रश्न उठाए थे।तब कुलकर्णी ने कहा था कि उनकी जितनी उम्र है, उतने वर्ष वह तपस्या कर चुकी हैं। इस पर साध्वी बोलीं- मुझे नहीं पता उन्होंने ऐसा क्यों कहा।

# ससुराल जा रहे युवक का शव सड़क किनारे मिला

**अमन लेखनी समाचार**



मृतक मुकेश फाइल - फोटो

लखनऊ। बीती रात बाइक से ससुराल जाने की बात कह कर घर से निकले युवक का शव सड़क किनारे पड़ा मिला पास में बाइक भी पड़ी मिली।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

मिली जानकारी के अनुसार मलिहाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम फूलचंद खेड़ा निवासी अजय गौतम के मुताबिक सोमवार देर रात बेटा मुकेश गौतम (27) अपनी पत्नी को लेने ससुराल कसमंडी कला बता कर घर से निकाला था। और देर रात तक ससुराल न पहुंचने पर बेटे मुकेश की काफी तलाश की पर उसका कुछ पता नहीं चला। मंगलवार सुबह मुकेश गौतम का शव कसमंडी कला के पास सड़क किनारे मिला। और वहीं कुछ दूरी पर खंती में उसकी बाइक भी मिली। पुलिस सड़क हादसे में मौत होने की आशंका जता रही है। मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचते ही परिवार में चीख पुकार मच गई। देर शाम परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया। इस संबंध में मलिहाबाद थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि ऐसा प्रतीत होता है कि सड़क हादसे में मुकेश की जान गई है ।पिता की तहरीर पर अज्ञात वाहन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है. पीएम रिपोर्ट आने पर मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

# चंद मिनट में पहुंची पुलिस, फंदे से युवक को उतारा, बचाई जान

### बंथरा इलाके की घटना, महिला ने फंदे पर बेटे को लटका देख पुलिस को दी थी सूचना

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। बंथरा इलाके में मंगलवार दोपहर पुलिस ने सूचना मिलते ही चार मिनट के अंदर मौके पर पहुंची पीआरवी ने फंदे पर लटके एक युवक को आनन फानन नीचे उतारा। युवक अचेत था। सीपीआर देकर उसकी जान बचा ली। बेटे की जान बचने पर युवक की मां ने हाथ जोड़कर पुलिस कर्मियों का धन्यवाद ज्ञापित किया लोगों ने उनके कार्य की सराहना की।महिला ने बताया कि उन्होंने बेटा शराब पीने का आदी है। मंगलवार दोपहर वह नशे में था। बेटे का भाई से विवाद हो गया।इसके बाद उसने आवेश में आकर कमरा बंद कर फांसी लगा ली। दोपहर 3:38 बजे उसे फंदे पर लटका देखकर पुलिस को सूचना दी। पीआरवी के पुलिस कर्मी हेड कांस्टेबल अनिल कुमार, सिपाही सुबोध कुमार महिला सिपाही सीपा मौर्या और सिपाही चंद्र प्रकाश चार मिनट में मौके पर पहुंच गए। दरवाजा तोड़कर वह कमरे में पहुंचे।रस्सी काटकर फंदे से युवक को उतारा। सीपीआर देकर उसकी जान बचा ली। इसके बाद क्षेत्र स्थित अस्पताल लेकर गए। इलाज के बाद युवक की हालत सामान्य बताई जा रही है।

# कांग्रेस ने उठाया महाकुंभ में भगदड़ का मुद्दा, सरकार पर लगाया लापरवाही का आरोप

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ।महाकुंभ में भगदड़ की घटना को मुद्दा बनाकर कांग्रेस राज्य सरकार को घेरने का प्रयास कर रही है। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने महाकुंभ में अपने प्रस्तावित कार्यक्रम को रद करने के बाद भगदड़ में लापता लोगों की तेजी से तलाश कराए जाने की मांग उठाई है।

कांग्रेसियों ने सभी जिला मुख्यालयों में पहुंचकर मुद्दे को उठाया और अधिकारियों को राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा। कांग्रेसियों ने घटना में जान गंवाने वालों व घायल श्रद्धालुओं की सूची जारी किए जाने की मांग उठाई है।कांग्रेस का आरोप है कि महाकुंभ में मौनी अमावस्या स्नान पर्व से पूर्व प्रशासनिक लापरवाही व अव्यवस्था के कारण भगदड़ मची, जिसमें कई श्रद्धालुओं की मृत्यु हो गई।

अब तक घटना में जान गंवाने वालों व घायल हुए श्रद्धालुओं की सूची जारी नहीं की गई है। अजय राय ने कहा कि कई श्रद्धालु लापता हैं, जिनकी तलाश में तेजी लाई जानी चाहिए।सरकार अविलंब जान गंवाने वालों व घायल श्रद्धालुओं की सूची जारी करे। कांग्रेस इस मुद्दे को लेकर सरकार से लगातार सवाल करेगी। पार्टी पीड़ितों की हर संभव मदद करेगी।

### महाकुंभ में भगदड़ से हुई मौत को लेकर कांग्रेसियों का प्रदर्शन

वहीं, सुलतानपुर में प्रयागराज महाकुंभ में भगदड़ से हुई मौत को लेकर कांग्रेसियों ने मंगलवार को नाराजगी व्यक्त की।प्रदर्शन करते हुए लोग कलेक्ट्रेट पहुंचे। घटना में मारे गए व घायल हुए श्रद्धालुओं की सूची सार्वजनिक करने, पीड़ितों को मुआवजा देने के संबंध में राज्यपाल को संबोधित एक मांग पत्र एसडीएम सदर विपिन द्विवेदी को दिया।

कार्यकताओं ने मौनी अमावस्या पर्व के दौरान हुई घटना के लिए शासन व प्रशासन के अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराया। कहा कि सभी की घोर लापरवाही सामने आई है।संगठन के निवर्तमान जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि अधिकारी अपनी नाकामी छिपाने के लिए मृतकों व घायलों की वास्तविक संख्या छिपा रहे हैं। तमाम पीड़ित परिवार अपनों को अभी भी खोज रहे हैं।उनका पता नहीं चल पा रहा है।

## संक्षेप

### पिकअप डाला कि टक्कर से बाइक सवार चाचा-भतीजी घायल

सफीपुर, उन्नाव। थाना माखी क्षेत्र के परियर चकलवंशी मार्ग पर अनियंत्रित पिकअप डाला ने बाइक सवार चाचा भतीजी को जोरदार टक्कर मार दी जिससे दोनो गंभीर रूप से घायल हो गए दोनो की निकट की सी एच सी लाया गया जहां पर मौजूद डॉ ने गंभीर हालत देखते दोनो को जिला अस्पताल भेज दी थाना माखी क्षेत्र के राम सिंह खेड़ा निवासी विपिन 25 वर्ष पुत्र छेद्दू लाल अपनी 9 वर्षीय भतीजी रितिका को अपनी बहन के घर लेकर बाइक से वापस घर जा रहा था तभी थाना माखी क्षेत्र के परियर चकलवंशी मार्ग के ग्राम बरमौला के पास तेज रफ्तार पिकअप डाला ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे दोनो गंभीर रूप से घायल हो गए दोनो को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सफीपुर में भर्ती कराया गया जहां पर मौजूद डॉ ने गंभीर हालत देखते दोनो को जिला अस्पताल भेज दिया

### आमने सामने दो डांफरो की भिंड़त, एक की मौत, तीन घायल

हसनगंज, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के उलरापुर गांव निवासी हरि नाम का 20 वर्षीय बेटा कुंवर राजपूत ट्रक क्लीनर था क्षेत्र के नेवलगंज गांव निवासी विकास यादव के साथ कबरई से गिट्टी लोड कर डंफर से वापस लौट रहा था तभी कानपुर सागर हाईवे घाबरा चौकी के अंतर्गत छिरका गांव के पास सामने से आ रहे डंफर की आमने-सामने भिड़ंत हो गई जिसमें दोनों डंपरों के चालक परिचालक चार लोग केबिन में फंस गए। जिसमें पुलिस ने चालक विकास यादव को गंभीर हालत में निकाल कर भर्ती कराया वही परिचालक कुंवर राजपूत की जिंदा जलकर मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते मृतक की मां सीमा, छोटा भाई गौरव बहन अंजलि सहित पिता रो रो कर बेहाल हो गए । वहीं घायल विकास यादव को परिजन घर लेकर आ गए जिसका लखनऊ में इलाज चल रहा है। कोतवाली प्रभारी संदीप शुक्ला ने बताया कि घटना वहां हुई है पीएम वही होगा।

### रुपयों के लेनदेन में दो पक्षों में जमकर हुई मारपीट

हसनगंज, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र चिरयारी गांव में मंगलवार की सुबह रुपए के लेनदेन को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। जिसमें राजू व साजन गंभीर रूप से घायल हो गए पीड़ित राजू ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 10 दिन पहले घुरघुरी तालाब पर लकड़ी खरीदने को लेकर सुपेंद्र को 10 हजार रुपए दिय थे ।जब मंगलवार सुबह वह

रूपए वापस मांगने गए तो सुपेंद्र अपने साथी कुलदीप, नवनीत और बबलू के साथ मिलकर लाठी-डंडों से हमला कर दिया ।पीड़ित ने तहरीर देकर कार्रवाही की मांग की

कोतवाली प्रभारी संदीप शुक्ला ने बताया कि प्रार्थना पत्र के आधार पर चार के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

# कंपनी के निर्देशानुसार कमाई करोगे तभी मिलेगा आयुष्मान मित्रों को वेतन

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। प्रधानमंत्री जन आरोग्य आयुष्मान भारत योजना के तहत अस्पतालों में तैनात आयुष्मान मित्रों को कमाई होने पर ही वेतन मिलेगा। अब कम्पनी की यह गाइड लाइन विभाग के गले की फांस बनी हुई है ।जिसकी शिकायत आयुष्मान मित्रो ने उन्नाव जिलाधिकारी के यहां की है सफीपुर सीएचसी में प्रधानमंत्री जन आरोग्य आयुष्मान भारत योजना के तहत अस्पतालों में तैनात है सफीपुर सीड्ढ एचड्ढ सीड्ढ आयुष्मान मित्र को मानसिक प्रताड़ित करने एवं नौकरी से निकलने के संबंध में आयुष्मान मित्र ने जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया ।की कंपनी अधिक दबाव बना रही है आयुष्मान मित्र अपनी समस्या को लेकर 31/01/2025को जनता दरवार में आये थे ह्ल आयुष्मान मित्रो ने बताया है की दरबार में आने के बाद हम लोगो को 6000हजार रुपए पर नौकरी करने के लिए कम्पनी के आदित्य आर0 एम0और आकांक्षा डी0 सी0के द्वारा जबरदस्ती कार्य करने के लिए बाध्य किये जाने लगा और धमकी दी गईं की आप लोग यदि किसी अधिकारी के पास जाते है तो हम आपको नौकरी से निकाल देंगे आयुष्मान मित्रो को दरबार में जाने के बाद किसी न किसी बहाने से या पूर्व की समस्या बता कर दो लोगो को निकाल कर वेरोजगार कर दिया उन्नाव में कम्पनी के द्वारा मनमाने तरिके से 5 आयुष्मान मित्रो को नौकरी से निकाल दिया गया है कम्पनी राइडर्स इनफॉरमेशन प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा बार बार दबाव बनाया जा रहा है कहते है की बिना बीमारी के भर्ती करो मरीज को और 2100रुपए का इलाज करो हमें फर्जी मरीज को भर्ती करोह्ल अब कम्पनी की यह गाइड लाइन विभाग के की फांस बनी हुई है ।सफीपुर सीएचसी पर आयुष्मान मित्र लगभग सात साल से काम कर रहे हैं, लेकिन उनके वेतन भुगतान का प्रबंध विभाग की ओर से नहीं किया जा सका है ।आयुष्मान मित्रों के वेतन के लिए कम्पनी की ओर से जो गाइड लाइन जारी की गई है। उसके तहत अस्पताल में आयुष्मान योजना का जो मरीज भर्ती होगा फिर उसका पैसा फर्जी से निकालते है इसी कमाई से आयुष्मान मित्र को उनके वेतन व प्रोत्साहन राशि का भुगतान किया जाएगा ।ऐसा दबाव बनाते है

कमाई करेंगे तभी मिलेगा आयुष्मान मित्रों को वेतन

प्रधानमंत्री जन आरोग्य आयुष्मान भारत योजना के तहत अस्पतालों में तैनात आयुष्मान मित्रों को कमाई होने पर ही वेतन मिलेगा। अब कम्पनी की यह गाइड लाइन विभाग के गले की फांस बनी हुई है ।सफीपुर सीएचसी पर आयुष्मान कमाई करेंगे तभी मिलेगा आयुष्मान मित्रों को वेतन प्रधानमंत्री जन आरोग्य आयुष्मान भारत योजना के तहत अस्पतालों में तैनात आयुष्मान मित्रों को कमाई होने पर ही वेतन मिलेगा। अब कम्पनी की यह गाइड लाइन विभाग के गले की फांस बनी हुई है ।सफीपुर सीएचसी पर आयुष्मान मित्र लगभग 6 साल से काम कर रहे हैं, लेकिन उनके वेतन भुगतान का प्रबंध विभाग की ओर से नहीं किया जा सका है। उसके तहत अस्पताल में इसी कमाई से आयुष्मान मित्र को उनके वेतन व प्रोत्साहन राशि का भुगतान किया जाएगा। शुरू में इन आयुष्मान मित्रों से गोल्डेन कार्ड बनवाए जा रहे थे, बाद में कोरोना काल शुरू होने पर इन्हें कोरोना ड्यूटी पर लगा दिया गया ।नतीजा यह रहा कि इतना लम्बा समय गुजर जाने के बाद अस्पताल भी आयुष्मान मित्रो को कोई पैसा नहीं मिला ह्ल विभाग के लिए बिना वेतन भुगतान के इनसे काम लेना अब मुश्किल हो गया है। अगर यही हालत रही तो आने वाले समय में सीएचसी में आयुष्मान योजना का संचालन मुश्किल हो जाएगा।

# सरकारी योजना के लाभार्थियों को डीएम ने दिया प्रशस्ति पत्र



अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। जिला अधिकारी गौरांग राठी क्षेत्र पहुंचे इस दौरान आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने भूमि पूजन कर तालाब खुदाई की आधारशिला रखी साथ ही पौधारोपण कर सरकारी योजना के लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र भी वितरित किए तथा कल्याणी नदी के उत्थान हेतु रूपरेखा तय की ।बांगरमऊ क्षेत्र के गांव बहलोलपुर में पहुंचे जिलाधिकारी गौरांग राठी ने सर्वप्रथम कल्याणी नदी किनारे स्थित एक मनरेगा तालाब का खुदाई कार्य हेतु हेतु भूमि पूजन कर खुदाई कार्य की आधारशिला रखी जिसके बाद ग्राम समाज की भूमि पर पौधारोपण किया जिसके बाद कल्याणी नदी के पुनरूद्धार हेतु रूपरेखा बनाई। डी एम ने कहा कल्याणी नदी दशकों पूर्व कल कल करती थी जिसका शुभारंभ पुनः बहलोलपुर गांव से शुरू किया जा रहा है ।पुनरोद्धार की आवश्यकता क्यों है भूगर्भ जल बढ़ेगा साथ ही सिंचाई आदि की जरूरत पूरी होगी साथ तालाब निर्माण के लिए मछली पालन आदि को बढ़ावा मिलेगा बाढ़ की स्थित में नदी जीवंत होने से बाढ़ का पानी आसानी से निकल जाएगा नदी को जीवंत हेतु हर क्षेत्रीय लोग सहयोग करने की अपील की। नदी का पुनरोद्धार हेतु ग्रामीणों की हामी भराई साथ ही गांव के पंचायत भवन स्थित ज्ञानालय को आगामी 20 फरवरी तक चालू करने की हिदायत दी साथ ही ज्ञानालय के लाभ बताए ।नदी कार्य में आगे बढ़कर हिस्सा लेने वाले जल प्रहरी के रूप कैप पहनाकर दो लोगो को सम्मानित कियाइसके अलावा मनरेगा में100 दिन कार्य पूर्ण करने वाले ,कैटल शेड पाने वाले आदि को प्रशस्ति पत्र दिया। बेहतर कार्य हेतु मोमबत्ती बनाने के लिए बालाजी स्वयं सहायता समूह को ,भीमराव अंबेडकर रोजगार प्रोत्साहन राशि के तहत लोन पाने वाले लाभार्थी को भी प्रशास्ति पत्र दिया साथ ही प्रधानमंत्री ,मुख्यमंत्री आवास लाभार्थी एक एक महिला को प्रतीकात्मक चाभी भेंट की ।इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी प्रेम प्रकाश मीणा,डी सी मनरेगा मुनेश चंद,उपजिलाधिकारी नम्रता सिंह,बी डी ओ निशा सागर विश्वकर्मा, तहसीलदार रामाश्रय,ग्राम प्रधान आकिला खान,सचिव ज्योत्स्ना त्रिपाठी आदि सहित लगभग सभी बांगरमऊ क्षेत्र के जिम्मेदार कर्मचारी मौजूद रहे ।सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर कोतवाल राजेश पाठक पुलिसबल के साथ मौजूद रहे।

# महिला ने अपने पति पर लगाए गंभीर आरोप, दर्ज हुआ मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। माखी थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने अपने पति पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है ।महिला का कहना है कि उसके पति ने चोरी-छिपे उसकी अश्लील वीडियो बनाई और अब उसे परिजनों को भेजकर मानसिक उत्पीड़न कर रहा है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है ।माखी थाना क्षेत्र की रहने वाली पीड़िता ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उसकी शादी 24 फरवरी 2019 को हरदोई जिले के अरवल थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक से हुई थी ।शुरू में सब कुछ सामान्य रहा, लेकिन कुछ समय बाद ससुराल वालों ने उसे प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। घरेलू कलह बढ़ने पर मामला न्यायालय तक पहुंच गया और महिला ने गुजारा भत्ता के लिए मुकदमा दायर कर दिया, जो फिलहाल विचाराधीन है ।पीड़िता का आरोप है कि पति लगातार मुकदमा वापस लेने का दबाव बना रहा था। जब उसने इनकार किया, तो पति ने उसकी आपत्तिजनक वीडियो, जो उसने चोरी-छिपे बनाई थी, परिवार के अन्य सदस्यों को भेजनी शुरू कर दी। इससे महिला मानसिक रूप से परेशान हो गई और उसने पुलिस से शिकायत करने का फैसला किया ।महिला की शिकायत पर थाना प्रभारी संदीप मिश्रा ने बताया कि आरोपी पति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और पूरे मामले की जांच की जा रही है ।पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि क्या इस प्रकरण में अन्य लोग भी शामिल हैं। पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए हर संभव कार्रवाई की जाएगी।

# तनाव मुक्त जीवन जीने की शैली पर एक संगोष्ठी का आयोजन

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। बाबू भगवती चरण वर्मा पार्क में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा दो दिवसीय ₹तनाव मुक्त जीवन जीने की शैली₹ विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन हुआ जिसमें नगर पंचायत अध्यक्षा के प्रतिनिधि पति /अध्यक्ष अर्चना परिषद सौरभ वाजपेयी राजा बेटा बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए जबकिमुख्य वक्ता मथुरा की सुजाता रही..सरला ,रुचि ,दिब्या (कन्नौज), रुक्मणी (मल्लावा) लक्ष्मी मथुरा,मनोज ( पुखराया ) ने अपने अपने विचार रखे मुख्य अतिथिसौरभ वाजपेयी राजा बेटे ने सभी को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज के समय सभी को इस कार्यक्रम से अपने जीवन से तनाव खत्म करने का सुनहरा मौका मिला है आज के समय ऐसे कार्यक्रमों की बहुत जरूरत है ऐसे कार्यक्रमो मे हमारा पूरा सहयोग रहेगा। अन्त मे सरला ने सभी लोगों से इस कार्यक्रम मे आने का अनुरोध किया साथ मे ही सभी को इससे होने वाले लाभ के बारे मे बताया संगोष्ठी में बड़ी संख्या में नगर एवम क्षेत्र के लोग शामिल हुए

# सपा समर्थक नेता समेत 25 अज्ञात लोगों पर दर्ज हुआ मुकदमा

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। एक पिकअप लोडर की टक्कर से हुई अधेड़ की मौत के मामले में नया मोड़ आया है। पुलिस ने सपा समर्थक नेता समेत 25 अज्ञात लोगों के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने का मुकदमा दर्ज किया है ।घटना फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र की है, जहां रविवार को 55 वर्षीय साहबलाल की पिकअप लोडर की चपेट में आने से मौत हो गई थी। मृतक के पुत्र विजय कुमार सिंह की शिकायत पर पुलिस ने गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया था। विजय के अनुसार, ग्राम अवस्थीखेड़ा के विकास और आकाश ने कोल्डड्रिंक्स की बिक्री को लेकर विवाद के दौरान उसे जबरन लोडर में खींच लिया। इस दौरान उनके पिता साहबलाल ने लोडर रोकने का प्रयास किया, तब ग्राम दबौली निवासी अनूप के उकसाने पर चालक विकास ने लोडर साहबलाल पर चढ़ा दिया ।मामले में नया मोड़ तब आया जब हाफिजाबाद के सपा समर्थक नेता शशांक अपने साथियों के साथ मौके पर पहुंचे और हत्या की धारा में केस दर्ज कराने की मांग को लेकर मार्ग जाम कर दिया। पुलिस के साथ अभद्रता और सरकारी कार्य में बाधा डालने के कारण पुलिस ने शशांक समेत 25 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि व भाजपा नेता ने कई मार्गों का किया लोकार्पण




अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। नगरीय विकास के अंतर्गत आदर्श नगर पंचायत सफीपुर में भाजपा नेता सौरभ बाजपेई ने कई मार्गों सहित नालियों के निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया।

सफीपुर आदर्श नगर पंचायत में चेयरमैन पति सौरभ बाजपेई ₹राजा बेटा₹ ने नगर में उन्नाव हरदोई मार्ग से तेलिहाई देवी तक इंटर लॉकिंग मार्ग निर्माण का किया लोकार्पणवहीं मोहल्ला सराय सूबेदार पूर्वी में डाक बंगले से अमित कुशवाहा के घर तक इंटरलॉकिंग एवं नाली निर्माण कार्य लोकार्पण किया वहीं मोहल्ला बबर अली खेड़ा में रामबालक के घर से मौलाना दादा तक इंटरलॉकिंग एवं नाली निर्माण कार्यों का चेयरमैन पति सौरभ बाजपेई राजा बेटा ने शिलान्यास किया। सहकारी ग्राम विकास बैंक के अध्यक्ष संजीव त्रिवेदी ने कहा ने कहा कि भाजपा सरकार पं दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के सपने को साकार कर रही है। समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी रोक-टोक के मिल रहा है ।कार्यक्रम प्रमुख रूप से सभासद अभिनव शर्मा,राजू विमल, वशीक, विनोद मिश्रा,बीरेंद्र अग्निहोत्री, उत्तम निषाद आदि लोग मौजूद रहे।

# पुलिस व आबकारी विभाग की टीम ने 6 शराब भट्ठियां की नष्ट

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। अवैध कच्ची शराब के खिलाफ पुलिस और आबकारी विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देशन में चलाए गए विशेष अभियान में थाना मौरावां क्षेत्र के ग्राम लालाखेड़ा में छापेमारी की गई। इंस्पेक्टर चंद्रकांत सिंह के नेतृत्व में संयुक्त टीम ने ड्रोन से क्षेत्र की निगरानी कर अवैध शराब निर्माण के 6 ठिकानों का भंडाफोड़ किया। टीम ने मौके से 600 लीटर लहन और 130 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की। लहन को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया, जबकि शराब को जब्त कर लिया गया ।कार्रवाई के दौरान शराब बनाने में इस्तेमाल होने वाले ड्रम, पाइप और अन्य उपकरणों को भी नष्ट किया गया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अवैध शराब माफियाओं के खिलाफ अभियान जारी रहेगा और जनपद को अवैध शराब से मुक्त किया जाएगा ।पुलिस ने आमजन से अपील की है कि अवैध शराब के कारोबार की सूचना तुरंत पुलिस या आबकारी विभाग को दें। सूचना देने वालों की पहचान गोपनीय रखी जाएगी और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि जहरीली शराब से होने वाली मौतों को देखते हुए यह कार्रवाई विशेष महत्व रखती है।

# अराजकतत्वों ने उखाड़ दिया शिवलिंग ग्रामीणों में आक्रोश

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बारासगवर अंतर्गत रछोलिया गाँव मे बने शिव मंदिर के शिवलिंग को अराजकतत्वों द्वारा उखाड़ लिए जाने से गाँव मे तनाव की स्थिति बन गयी। मूर्ति खण्डित करने के दौरान एक ब्यक्ति को गोली मारने की घटना भी दबी जुबान चर्चा का विषय बन गया।

थाना क्षेत्र के रछोलिया गांव में धनकोली-रछोलिया सम्पर्क मार्ग पर प्राचीन बूढ़े बाबा शिव मंदिर बना है। कुछ दिन पूर्व 9 दिसम्बर को अराजक तत्वों द्वारा इस मंदिर की मूर्ति को क्षतिग्रस्त कर दिया गया था जिसे स्थानीय प्रशासन व ग्रामवासियों की मदद से मूर्ति को पुनर्स्थापित किया गया था। सोमवार रात इस मूर्ति को पुनः उखाड़ लिया गया। गाँव वालों के अनुसार मूर्ति उखाड़ने के दौरान रास्ते से गुजर रहे अहिरौरा निवासी बचान कहार पुत्र बाबूलाल पर तमंचे से गोली भी मारी गयी जो उसके पैर में लगी। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र नाथ मिश्रा ने बताया मंदिर के पुजारी रामचंद्र ने तहरीर दी है। मौके पर जांच की गई है। अराजक तत्वों की धर पकड़ के प्रयास किए जा रहे हैं।

क्षेत्राधिकारी ऋषि कांत शुक्ला ने बताया माहौल बिगाड़ने के लिए मंदिर में दोबारा घटना कारित की गई है। घायल युवक के पैर में फोड़ा था ।साइकिल से गिरने के कारण चोट लगी है। गोली लगने की बात साबित नही हुई है। मूर्ति खंडित करने वाले अराजक तत्वों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

# नवनिर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का सीडीओ ने किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार




सुमेरपुर, उन्नाव। बीघापुर ब्लॉक में स्थित रायपुर गांव के नवनिर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का मुख्य विकास अधिकारी प्रेम प्रकाश मीणा ने मंगलवार को निरीक्षण किया। निरीक्षण में भवन निर्माण कार्य संतोषजनक पाया गया, लेकिन कुछ छोटी-मोटी कमियों को लेकर सीडीओ ने नाराजगी जताई और एक सप्ताह में इन्हें दुरुस्त करने का निर्देश दिया।

सीडीओ ने स्वास्थ्य केंद्र में भवन की गुणवत्ता, स्वच्छता, जल आपूर्ति, बिजली व्यवस्था और चिकित्सा उपकरणों की जांच की। उन्होंने विशेष रूप से प्रसूति सेवाओं, टीकाकरण और ओपीडी सेवाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को डॉक्टरों, नर्सों और अन्य स्वास्थ्य कर्मियों की तैनाती जल्द करने के साथ दवाओं और आवश्यक चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा ।रायपुर और आसपास के गांवों के लोगों को लंबे समय से एक बेहतर स्वास्थ्य केंद्र की आवश्यकता थी। स्थानीय लोगों ने सीडीओ से अस्पताल जल्द शुरू करने की मांग की, जिस पर उन्होंने सकारात्मक आश्वासन दिया। सीडीओ ने चेतावनी दी कि निर्धारित समय में कमियां दूर न होने पर संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी। इस स्वास्थ्य केंद्र के शुरू होने से न केवल रायपुर बल्कि आसपास के दर्जनों गांवों के लोगों को बुनियादी चिकित्सा सुविधाएं मिल सकेंगी और उन्हें छोटे-मोटे इलाज के लिए शहर नहीं जाना पड़ेगा।

# शादी से लौट रहे युवक को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, मौत

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। सड़क हादसे में मेडिकल स्टोर संचालक की मौत हो गई. सोमवार रात करीब 11:30 बजे की घटना है. गांव गर्जन खेड़ा के रहने वाले 40 वर्षीय संतोष कुमार एक शादी समारोह से बाइक सेघर लौट रहे थे. तभी लखनऊ बांगरमऊ मार्ग पर अंतर्धनी गांव के सामने अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी. गंभीर रूप से घायल संतोष को पुलिस ने तुरंत बांगरमऊ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती करवाया जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत्यु घोषित कर दिया मृतक मिश्रा मार्केट में मेडिकल स्टोर चलाते थे और अपने पीछे पत्नी सीमा बेटी शालू और 18 वर्षीय बेटे शिव को रोता बिलखता छोड़ गए।

# मार्ग दुर्घटना में घायल किशोर की इलाज के दौरान मौत

अमन लेखनी समाचार



हसनगंज, उन्नाव। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के भौली गांव निवासी सोनू सिंह का 15 वर्षीय बेटा कुशल सिंह मसवासी निवासी फूफा बउआ सिंह के यहां रहकर पढ़ाई करता था बीते 25 जनवरी को कोचिंग पढ़ने के लिए जा रहा था तभी सहजनी के पास तेज रफ्तार डंपर ने टक्कर मार दी। जिसका इलाज लखनऊ के पीजीआई में चल रहा था इलाज के दौरान 3 फरवरी की रात किशोर की मौत हो गई। मौत की सूचना से बहन मन्नू सहित माता ऊषा का रो-रोकर बुराहाल है। मृतक अपने घर का इकलौता पुत्र था।

# हर घर नल योजना से बदली जिंदगी, पिपरिया में मिला शुद्ध पेयजल

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। क्षेत्र में स्थित पिपरिया ग्राम में हर घर नल योजना ने ग्रामीणों की जिंदगी में नई रोशनी ला दी है। शुद्ध पेयजल की उपलब्धता ने गांव के हर घर में खुशियां बिखेर दी है ।इस योजना के तहत गांव के प्रत्येक घर में नल कनेक्शन के माध्यम से शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि पहले पीने के पानी के लिए उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था ।महिलाओं को दूर दूर से पानी लाना पड़ता था लेकिन अब घर बैठे शुद्ध पेयजल मिल रहा है। स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता से केवल उनका समय बचा है बल्कि पानी से बीमारियों से भी बचाव हो रहा है। यह योजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन का हिस्सा है। जिसका उद्देश्य देश के हर ग्रामीण घर तक नल से जल पहुंचना है। पिपरिया गांव में इस योजना की सफलता से स्पष्ट है कि सरकार की यह पहल ग्रामीण क्षेत्र मैं जीवन स्तर को बेहतर बनाने में कारगर साबित हो रही है।

**आम बजट संसद के पटल पर पेश कर दिया गया है। इसमें सुस्त पड़ती अर्थव्यवस्था को गति देने का प्रयास है तो अगली पीढ़ी के आर्थिक सुधारों पर भी जोर है। इसमें दिल्ली और बिहार के लिए राजनीतिक ऐलान भी है और इनकम टैक्स रिफॉर्म का वादा भी है। बजट में विकसित भारत के लक्ष्य की ओर बढ़ते रहने का संकल्प है तो कृषि, स्वास्थ्य, डिजिटेक, ग्रीन टेक, उद्योग क्षेत्र को बूस्ट देने की योजना है। समग्रता से देखें तो बजट खपत को बढ़ाने वाला है, सोशल वेलफेयर में समावेशी है, भविष्य के लिए मिशनरी है और आर्थिक बुनियाद को और मजबूती प्रदान करने वाला है। 12 लाख रुपये की सालाना आय को टैक्स नेट से बाहर कर और अन्य कर रियायतों से मध्यमवर्ग को लंबे अर्से बाद राहत दी गई है। बीमा क्षेत्र में एफडीआई सीमा बढ़ाने समेत अगली पीढ़ी के सुधारों को तेज करने का प्रस्ताव किया है। बीमा क्षेत्र में एफडीआई (प्रत्यक्ष विदेश निवेश) की सीमा को 74 प्रतिशत से बढ़ाकर 100 प्रतिशत करने के साथ ही कर कानूनों को सरल बनाने का ऐलान किया गया है। सरकार कराधान, शहरी विकास, खनन, वित्तीय क्षेत्र, बिजली और नियामकीय ढांचा जैसे छह क्षेत्रों में सुधारों की शुरुआत करेगी। बजट में विकसित भारत के लक्ष्य के लिए चार इंजन-कृषि, एमएसएमई, निवेश और निर्यात को चिन्हित किया गया है। इस बार के आम बजट में किसके लिए क्या है, इन सब पहलुओं का विश्लेषण करता आजकल का यह विशेष अंक...**

# अर्से बाद मध्यमवर्ग पर मेहरबान बजट



विश्लेषण

उमेश चतुर्वेदी

वरिष्ठ पत्रकार व राजनीतिक विश्लेषक

**बजट को समावेशी बनाने की कोशिश है। सबसे बड़ी घोषणा मध्यमवर्ग नौकरीपेशा को राहत देने के रूप में की गई है। नई टैक्स रिजीम के तहत 12 लाख 75 हजार रुपये तक की आय को करमुक्त कर दिया गया है। नई टैक्स रिजीम में टैक्स स्लैब को भी बदला गया है। दिल्ली में विधानसभा चुनाव हो रहे हैं और कुछ महीनों बाद देश की राजनीति की धड़कन माने जाने वाली मगध की धरती यानी बिहार में भी चुनाव होना है। निर्मला सीतारमण की ओर से मिली आयकर छूट से सरकारी कर्मचारियों की भी राजधानी मानी जाने वाली दिल्ली चुनाव पर असर पड़ना तय माना जा रहा है। बजट प्रस्ताव में बिहार के किसानों के लिए मखाना बोर्ड का ऐलान किया है।**

इस बार के बजट में हेडलाइन भी है, राजनीति भी है, अर्थव्यवस्था भी है और मध्यमवर्ग पर मेहरबानी भी है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कृषि, स्वास्थ्य, ईवी उद्योग, इन्फ्रास्ट्रक्चर, शिक्षा आदि पर खास ध्यान दिया है। बजट को समावेशी बनाने की कोशिश है। सबसे बड़ी घोषणा मध्यमवर्ग नौकरीपेशा को राहत देने के रूप में की गई है। नई टैक्स रिजीम के तहत 12 लाख 75 हजार रुपये तक की आय को करमुक्त कर दिया गया है। नई टैक्स रिजीम में टैक्स स्लैब को भी बदला गया है। दिल्ली में विधानसभा चुनाव हो रहे हैं और कुछ महीनों बाद देश की राजनीति की धड़कन माने जाने वाली मगध की धरती यानी बिहार में भी चुनाव होना है। निर्मला सीतारमण की ओर से मिली आयकर छूट से सरकारी कर्मचारियों की भी राजधानी मानी जाने वाली दिल्ली चुनाव पर असर पड़ना तय माना जा रहा है। शायद यही वजह है कि अरविंद केजरीवाल मोदी सरकार के बजट से खुश नहीं हैं और कह रहे हैं कि इस बजट से आम लोगों को कोई राहत नहीं मिली है।

## मखाना किसानों को राहत

इस बजट में बिहार को बहुत कुछ मिला है। निर्मला सीतारमण ने बजट प्रस्ताव में बिहार के किसानों के लिए मखाना बोर्ड का ऐलान किया है। इससे बिहार के मखाना किसानों को राहत मिलने के आसार है। इसके उत्पादन, प्रोसेसिंग, वैल्यू एडिशन और मार्केटिंग के अवसर बढ़ेंगे। जाहिर है कि इसका सीधा फायदा बिहार के ही लोगों को मिलेगा। बजट प्रस्तावों में मखाना निकालने के काम में लगे लोगों के लिए भी सरकारी राहत की बात की गई है। यानी मखाना उत्पादक, उसके वितरक और उसके कामगार, सबको राहत और मौका देने की बात की गई है। प्रस्तावित मखाना बोर्ड की एक और जिम्मेदारी होगी। वह किसानों को प्रशिक्षण और सहयोग भी देगा। साथ ही उन्हें सरकार की तरफ से मिलने वाले फायदों को भी सुनिश्चित करेगा। वैसे देखें तो मध्य वर्ग को केंद्र सरकार ने इन बजट प्रस्तावों के जरिए एक लाख करोड़ रुपये का उपहार दिया है। इसमें 12 लाख 75 हजार की आमदनी वाले लोगों को टैक्स में 80 हजार रुपये का फायदा हुआ है। बहरहाल 16 लाख रुपये की आमदनी वाले लोगों को टैक्स में 50 हजार रुपये का फायदा हुआ है तो 18 लाख रकी आमदनी वाले को टैक्स में 70 हजार का लाभ दिख रहा है। इसी तरह 20 लाख रुपये की आमदनी वाले को 90 हजार रका फायदा होगा तो 25 लाख रुपये की आमदनी वाले को एक लाख दस हजार रुपये का नए टैक्स नियमों से फायदा होगा। इसी तरह 50 लाख रुपये की आमदनी वाले को भी एक लाख दस हजार रुपये का फायदा हो रहा है।



## लोगों की खरीद क्षमता बढ़ेगी

जाहिर है कि मध्य वर्ग को इससे फायदा होता नजर आ रहा है। वायस ऑफ बैंकिंग के प्रमुख अश्विनी राणा के अनुसार, टैक्स बचने से लोगों के हाथ में ज्यादा पैसा आयेगा। इससे लोगों की खरीद क्षमता बढ़ेगी। इससे आर्थिक गतिविधियों में तेजी आने की संभावना है। केन्द्रीय बजट में कृषि और महिलाओं पर भी फोकस किया गया है। पीएम धन-धान्य योजना का प्रस्ताव किया गया है। किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा तीन लाख से बढ़ाकर पांच लाख करने से किसानों को अपनी आय बढ़ाने के लिए लाभ होगा। भारतीय पोस्ट के दफ्तरों के जरिए ग्रामीण क्षेत्र में सुविधाएं बढ़ाने की कोशिश की जा रही है। इसका लाभ भी किसानों और ग्रामीण क्षेत्र के छोटे उद्योगों को लाभ मिलेगा। एमएसएमई को भी क्रेडिट कार्ड देने की तैयारी है। इसके साथ ही बजट प्रस्तावों में राज्यों को शहरों में पूंजीगत योजनाओं में निवेश के लिए ऋण से जहां विकास होगा, वहीं रोजगार भी मिलेगा। सक्षम आंगनवाड़ी 2.0 के जरिए महिलाओं को सशक्त बनाया जाएगा। ऊर्जा और जल मिशन पर भी फोकस किया गया है।

## रोगियों को मिलेगी बड़ी राहत

रोजगार पैदा करने के लिए पर्यटन केंद्रों और आध्यात्मिक स्थलों का विकास अच्छा प्रयास है। इसी तरह बीमा क्षेत्र में विदेशी निवेश को 75 से 100 प्रतिशत करने की तैयारी है। इससे बीमा क्षेत्र में विकास की उम्मीद है। प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष करों के लिए नए कोड की घोषणा शीघ्र होगी। जीवन रक्षक दवाइयों पर आयात शुल्क समाप्त करने से रोगियों को बड़ी राहत मिलेगी। हर जिले में कैंसर के इलाज की सुविधा देना भी बड़ा फैसला है। इसके साथ ही मेडिकल पर्यटन को बढ़ावा देने की तैयारी है। आम आदमी का सपना है अपने सिर पर अपनी छत होना। इस बजट के जरिए लोगों को घर खरीदने में राहत का भी ऐलान किया गया है। इससे लोगों के साथ ही रियल एस्टेट को भी फायदा होगा। इससे निर्माण क्षेत्र में रोजगार बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। बिहार के पटना हवाई अड्डे के विकास और उसकी क्षमता बढ़ाने के लिए भी बजट प्रस्ताव किया गया है। इससे देश-विदेश में काम कर रहे बिहार के लोगों को सीधे फायदा होगा और उनकी अपनी माटी से कनेक्टिविटी बढ़ेगी।

## बिहार के लिए विशेष योजनाएं

बिहार में राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी, और उद्यमिता एवं प्रबंधन संस्थान की स्थापना का प्रस्ताव है। इस संस्थान के जरिए समूचे पूर्वी क्षेत्र में खाद्य प्रसंस्करण गतिविधियों को मजबूती देने की तैयारी है। इसके द्वारा किसानों के उत्पाद की गुणवत्ता बढ़ाने की तैयारी तो है ही, उनकी आय में बढ़ोत्तरी का भी प्रस्ताव है।

निर्मला सीतारमण के अनुसार, इस संस्थान के जरिए युवाओं को हुनरमंद बनाने की तैयारी है। इसके साथ ही उन्हें उद्यमिता और रोजगार प्राप्त करने के अवसर पैदा होंगे। बिहार में नए ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट बनाएंगे। इसके जरिए पश्चिमी कोसी नहर परियोजना को भी आर्थिक मदद दी जा रही है। इससे उत्तरी बिहार के 50 हजार हेक्टेयर में सिंचाई की सहूलियत बढ़ेगी। इससे मिथिलांचल की कृषि उत्पादकता बढ़ाने में मदद मिलेगी।यूं तो हर बजट सिर्फ आर्थिक नहीं, राजनीतिक भी होता है। लेकिन आयकर छूट और बिहार को मिलने वाली विशेष सहायता योजनाओं के संदर्भ में यह राजनीतिक बजट भी है। हालांकि इन पंक्तियों को लिखे जाने तक किसी ने इस नजरिए से बजट पर सवाल नहीं उठाया है, लेकिन यह तय है कि इन प्रस्तावों से दिल्ली और बिहार के वोटरों को लुभाने की कोशिश की गई है।कुल मिलाकर कह सकते हैं कि बजट के जरिए लोक को साधने के साथ ही आर्थिक स्थिति को भी बेहतर बनाने की कोशिश है। हालांकि लोगों को उम्मीद थी कि जीएसटी दरों में राहत मिलेगी, मध्य वर्ग को कर्ज मुक्ति मिलेगी। लेकिन ऐसा नहीं हो पाया। लेकिन कह सकते हैं कि यह बजट कुछ संदर्भों में लोकलुभावन है तो कुछ अर्थों में नहीं। इन अर्थों में यह राजनीतिक भी है और राजनीतिक हित साधने का साधन भी।

# 'खास' साड़ी पहनकर हस्तशिल्प को बढ़ावा



न्यू ट्रेंड

डॉ. रमेश ठाकुर

वरिष्ठ स्तंभकार

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने कार्यकाल का 8वां बजट पेश किया, लेकिन कोई ऐसा बजट उनका नहीं रहा, जब उन्होंने बजट के दिन कोई 'खास' साड़ी पहनकर हस्तशिल्प कला के प्रचार को बढ़ावा न दिया हो। देशभर में जितनी चर्चा आम 'बजट' की हो रही हैं, उतनी ही उस चमकदार 'साड़ी' की भी है जिसे निर्मला सीतारमण ने बजट के दौरान संसद में पहना? वित्तमंत्री ने पहली फरवरी को केंद्रीय बजट पेश करने के मौके पर ऐसी खास साड़ी पहनी जिसने संसद सदस्यों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करवाया। क्या पक्ष, क्या विपक्ष सभी में साड़ी को लेकर खूब चर्चाएं होती रहीं। साड़ी की खूबसूरत डिजाइन, फॉक, कढ़ाई, इम्बाइडरी, चमकदार सूत और स्वनिर्मित पेंटिंग का मिश्रित स्वरूप सभी को मोहित किया। मैजेंटा बॉर्डर की सफेद रंग की मंगलागिरी सिल्क साड़ी की खूबसूरती को देखकर संसद सदस्य अचरज में पड़ गए और आपस में गपशप होने लगी कि साड़ी किस प्रदेश की बनावट है। दरअसल, निर्मला सीतारमण की वो ख़ास साड़ी बिहार के मधुबनी में निर्मित हुई थी। साड़ी को नामचीन हस्तशिल्प कलाकार व पद्मश्री विजेता दुलारी देवी उर्फ चाची ने बनाकर वित्तमंत्री को भेंट किया था। कुछ समय पूर्व वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण जब बिहार में 'मिथिला कला संस्थान' में आयोजित 'क्रेडिट आउटरीच' प्रोग्राम में मधुबनी गई थीं, तब उनकी मुलाकात दुलारी देवी से हुई थी। तभी दुलारी देवी ने उन्हें ये साड़ी भेंट की थी और गुजारिश की थी कि उसे बजट पेश करने के दौरान ही पहनें। उनके विशेष आग्रह पर ही निर्मला सीतारमण ने मधुबनी पेंटिंग वाली साड़ी को पहना। वित्त मंत्री ने न सिर्फ दुलारी देवी की भावनाओं का कद्र किया, बल्कि भारत की 'पारंपरिक हस्तशिल्प कला' के प्रति आदर-सम्मान भी दिया। साड़ी पर कुरेदी गई कलाकारी आंध्रप्रदेश संस्कृति के प्रतीक को प्रदर्शित कर रही थी। जिसे दुलारी देवी ने करीब 20 दिनों में स्वयं तैयार किया था। साड़ी की चर्चा जब से होनी शुरू हुई है, लोग उनके संबंध में जानकारियां जुटा रहे हैं। सोशल नेटवर्किंग साइट्स पर लोग पड़ताल कर रहे हैं। खैर, चलिए हम बताते हैं कौन है चाची और उनका व्यक्तित्व? चाची यानी दुलारी देवी का जन्म बिहार के मधुबनी जिले के एक छोटे से गांव 'मलियापुर' में मल्लाह जाति में हुआ था। पारिवारिक सदस्य शुरू से मछली पकड़ने और मजदूरी के कार्य में लगे हैं। उनका जीवन बेहद कठिनाइयों में बीता। पारिवारिक परिवेश ऐसा रहा ,जहां महिलाओं को कला-हुनर से सदैव दूर रखा गया। पर, उन तमाम बंदिशों की बेड़ियों को तोड़कर इस दलित आर्टिस्ट ने नया इतिहास लिखा। उनकी बनाई पेंटिंग वाली साड़ी को आज हर कोई सराहता है। उनके हुनर को देखते हुए ही केंद्र सरकार ने दुलारी देवी को पद्मश्री से नवाजा। उनके जीवन में कुछ ऐसी परिस्थितियां आईं कि उन्होंने मधुबनी पेंटिंग को अपने जीवन में पूरी तरह से आत्मसात कर भविष्य ही बना लिया। जिसका परिणाम ये है कि आज चाची सफलता के शिखर पर हैं और उनकी बनाई साड़ी को देश की वित्तमंत्री ने पहनकर बजट पेश किया। इसके अलावा रेडियो प्रसारण 'मन की बात' कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी उनकी तारीफ कर चुके हैं। वित्तमंत्री अपने प्रत्येक बजट में विभिन्न प्रदेशों की प्रसिद्ध साड़ियां पहनती हैं। 2024 के बजट में उन्होंने आंध प्रदेश संस्कृति में पहनी जाने वाली साड़ी को पहना था। 2023 में उन्होंने काले बॉर्डर और सुनहरे डिजाइन वाली रेड टेम्पल साड़ी पहनी थी, जो साउथ के धार्मिक अवसरों पर पहनी जाती है। इसी कड़ी में 2022 में उन्होंने ओडिशा की पारंपरिक रस्ट ब्राउन बॉमकै साड़ी पहनी थी, जो अपनी सादगी और बारीक कढ़ाई के लिए प्रसिद्ध है। वहीं, 2021 के बजट में उन्होंने हैदराबाद की प्रसिद्ध रेड एंड ऑफ-व्हाइट पोचमपल्ली साड़ी पहनी थी। उससे पहले 2020 में उन्होंने सुनहरे पीले रंग की सिल्क साड़ी पहनी थी, जिसमें नीली बॉर्डर थी। 2019 में जब निर्मला सीतारमण का पहला बजट था, तब उन्होंने गुलाबी रंग की मंगलागिरी साड़ी पहनी थी, जिसमें सुनहरे बॉर्डर की सुंदर कढ़ाई थी। उनकी वह साड़ी काफी यादगार है।

# आर्थिक सुधारों को गति देने की पटकथा



बजट आर्थिकी

डॉ. सुनील कुमार मिश्र

एसोसिएट प्रोफेसर, विवेकानंद इंस्टिट्यूट ऑफ़ प्रोफेशनल स्टडीज, नई दिल्ली

विगत कुछ वर्षों में भारतीय अर्थव्यवस्था में सकारात्मक बदलाव देखने को मिला है, जिससे यह उम्मीद जगी है कि आगामी कुछ वर्षों में भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व के तीन अग्रणी देशों में स्थान बना लेगी। मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में प्रस्तुत पूर्ण बजट भी आर्थिक सुधारों की पटकथा लिखने का प्रयास है, जिसमें मेक इन इंडिया को बढ़ावा देने के साथ ही कृषि क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव का ताना-बाना बुनने का प्रयास किया गया है। इस बजट में एक तरफ तकनीकी, कौशल, एवं नवाचारों से जुड़ी कई योजनाओं को सम्मिलित किया है तो वहीं सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं को भी महत्त्व दिया गया है।

## मध्यवर्गीय करदाताओं को राहत

बजट में मध्यमवर्गीय करदाताओं को राहत देकर सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि राष्ट्र निर्माण में योगदान देने वाले इस वर्ग को महंगाई के इस दौर में राहत आवश्यक है, और यह तभी संभव है जब मध्यम वर्ग आर्थिक रूप से मजबूत हो। वर्तमान महंगाई दर का दंश झेलने वाले मध्यमवर्ग के चेहरे पर मुस्कान लाकर सरकार ने आगामी चुनावों में भी बढ़त हासिल करने की ओर कदम बढ़ा दिया है क्योंकि इस बजट ने मध्यम वर्ग को संजीवनी देने का कार्य किया है। सरकार ने यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया है कि समग्र विकास प्रक्रिया में इस वर्ग को भी जोड़ा जा सके क्योंकि पिछले कुछ बजट में निम्न वर्ग के लिए तो कई योजनाएं थीं परन्तु मध्यमवर्ग को विशेष राहत नहीं मिल सकी थी जिससे यह वर्ग उपेक्षित महसूस कर रहा था। अब 12 लाख की वार्षिक आय वाले व्यक्ति को टैक्स नहीं देना होगा जबकि 18 लाख वार्षिक आय वाले व्यक्ति को 70 हजार की बचत, एवं 25 लाख तक की आय वाले व्यक्ति को 1 लाख 10 हजार की बचत का मार्ग प्रशस्त करके सरकार ने नौकरीपेशा लोगों को आकर्षित करने का सार्थक प्रयास किया है। विकास एक बहुआयामी प्रक्रिया है जो बदलाव एवं प्रगति की प्रक्रिया से सर्वथा भिन्न है। यह प्रक्रिया समाज के सभी अंगों की सहभागिता के बिना पूर्ण नहीं हो सकती है, और यह तभी संभव है जब सरकार समाज के सभी वर्गों की सामाजिक, राजनैतिक, एवं आर्थिक सहभागिता सुनिश्चित करे। सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट सिर्फ आर्थिक लेखा-जोखा से जुड़ी प्रक्रिया न होकर, राष्ट्र के विकास में समाज के विभिन्न वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित करने की वह प्रक्रिया है जिससे राष्ट्र के सशक्तिकरण में मदद मिलती है। बजट से यह सुनिश्चित होता है कि सरकार देश को किस दिशा में ले जाना चाहती है, साथ ही सरकारी योजनाओं को क्या स्वरूप देना चाहती है? सरकारी योजनाओं के संचालन का देश पर असर क्या होगा, एवं उन योजनाओं से देश की जनता एवं देश की सेहत पर क्या असर होगा?

## विकसित भारत की ओर अग्रसर

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट विकसित भारत की ओर बढ़ने का प्रयास है जिसके केंद्र में शिक्षा सुधार है तो स्वास्थ्य सुधार के उपाय भी हैं, पर्यटन को बढ़ावा देने की कार्ययोजना है तो वहीं निर्यात को बढ़ावा देने के



लिए उत्प्रेरक रूपी योजनाएं भी हैं। मोदी सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में जिस प्रकार से मातृभाषा को बढ़ावा देने की योजना को समाहित किया है, उसके लिए प्रस्तुत भारतीय भाषा पुस्तक योजना से मदद मिलेगी। वर्तमान तकनीकी परिवेश में शिक्षा को तकनीकी से जोड़ने का प्रयास हो अथवा 'सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस इन ए आई' को स्थापित करने की योजना, सरकार की दूरदृष्टि की ओर इशारा करता है। एक ओर सरकार का प्रयास है कि भारतीय भाषाओं एवं भारतीय ज्ञान परम्परा को महत्त्व मिले तो वहीं सरकार वैश्विक चुनौतियों पर भी नजर रखे हुए है। सरकार यह जानती है कि भारतीय ज्ञान परम्परा राष्ट्रबोध के लिए आवश्यक है तो वहीं उसे यह भी पता है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के इस युग में भारतीय मानव संसाधन के लिए वैश्विक चुनौतियां क्या हैं? मेडिकल एवं प्रौद्योगिकी शिक्षा क्षेत्र में विस्तार की योजना को केंद्र में रखकर सरकार ने 'मेडिकल ट्यूरिज्म' एवं अपनी 'अन्तरिक्ष' योजना को भी पंख लगाने का कार्य किया है। मेडिकल सीटों की संख्या में बढ़ोत्तरी हो या फिर नये आईआईटी संस्थानों की स्थापना, भविष्य को देखते हुए सकारात्मक कदम कहे जा सकते हैं। प्रस्तुत बजट में कृषि एवं किसानों की स्थिति को सुधारने से जुड़ी कई योजनाओं को सम्मिलित किया गया है जिसमें किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा 5 लाख तक किये जाने, कृषि जगत को तकनीकी से जोड़ने सम्बंधित योजना, मखाना एवं कपास की खेती करने वाले किसानों के लिए विशेष योजना, कृषि उत्पादों के भण्डारण एवं विपणन से जुड़ी योजना प्रमुख है जिससे कृषि क्षेत्र के सशक्तिकरण में मदद मिलेगी एवं किसानों की आय में भी वृद्धि होगी, जिससे कृषि प्रधान देश भारत कृषि उत्पादों के उत्पादन, प्रबंधन एवं विपणन से आवश्यक लाभ ले सकेगा। बजट में बिहार को विशेष महत्त्व दिया गया है। ग्रीन फील्ड प्रोजेक्ट एवं मखाना बोर्ड की योजना एक सार्थक कदम है। सरकार के इस बजट में स्वास्थ्य क्षेत्र को भी विशेष महत्त्व दिया गया है जिसमें जीवन रक्षक दवाओं में विशेष छूट, मेडिकल उपकरण को सस्ता करने का प्रयास, एवं मेडिकल छात्रों की संख्या बढ़ाकर स्वास्थ्य क्षेत्र को मजबूत करने जैसी योजनाएं सम्मिलित हैं। वर्तमान एवं भविष्य की स्वास्थ्य चुनौतियों को ध्यान में रखकर सरकार ने स्वास्थ्य क्षेत्र को विस्तार देने का प्रयास किया है जिससे भारतीय नागरिकों को आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें, साथ ही अन्य देशों के मरीजों को भी 'मेडिकल ट्यूरिज्म' की योजना से जोड़ा जा सके। सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को विस्तार देकर सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि वह सबका साथ, सबका विकास के ध्येय को लेकर आगे बढ़ रही है जिससे भविष्य का भारत समृद्ध एवं सशक्त हो सके। जल जीवन मिशन को 2028 तक बढ़ाकर सरकार ने स्वच्छ पेयजल को सुनिश्चित करने की ओर कदम बढ़ाया है तो वहीं आर्थिक गतिविधियों में महिला भागीदारी को बढ़ावा देने का भी प्रयास किया है।

## लघु उद्योग को भी बढ़ावा

दलित एवं आदिवासी समाज को विकास प्रक्रिया से जोड़ने का प्रयास किया है तो वहीं लघु उद्योग को भी बढ़ावा देने का प्रयास किया है। स्टार्ट अप को प्रोत्साहित करने की योजना है तो वहीं धार्मिक महत्ता के पर्यटन क्षेत्र को विकसित करने एवं लोगों को इस ओर आकर्षित करने की दृष्टि भी है। विदेशी पर्यटकों की संख्या बढ़ाने के लिए वीजा नियमों को आसान बनाने की योजना से निश्चित रूप से लाभ मिलने की सम्भावना है। निश्चित रूप से वर्तमान सरकार का यह बजट विकसित भारत के लक्ष्य की ओर बढ़ते हुए कदम के रूप में देखा जा सकता है। हालांकि सरकार को दीर्घकालीन योजनाओं के साथ ही वार्षिक योजनाओं को भी केंद्र में रखना चाहिए जिससे एक निश्चित समयान्तराल में उसकी समीक्षा की जा सके।

# इस बजट से बदल पाएगी कृषि की सूरत!



खेती-किसानी

रवि शंकर

वरिष्ठ स्तंभकार

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट में किसानों और एग्रीकल्चर सेक्टर के लिए कई नई स्कीमों का ऐलान किया है। कृषि क्षेत्र के लिए बजट में 1.71 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। किसान क्रेडिट कार्ड से लोन की सीमा तीन लाख रुपये से बढ़ाकर पांच लाख रुपये कर दी। इसके अलावा निर्मला सीतारमण ने किसानों के लिए 'पीएम धन धान्य कृषि योजना' का ऐलान किया। इस योजना का मकसद कृषि उत्पादन बढ़ाने के लिए नीति तैयार करना है। इस स्कीम के तहत देश के उन 100 जिलों पर फोकस किया जाएगा, जहां कृषि उत्पादन कम है। माना जा रहा है कि इससे देश के 1.74 करोड़ किसानों को सीधे तौर पर फायदा होगा। इस योजना के साथ ही मखाना किसानों के लिए एक विशेष बोर्ड बनाने, किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा बढ़ाने, उन्नत बीज मिशन और कपास उत्पादन के लिए पांच साल की योजना लागू करने की घोषणा की गई है। वहीं भारत को दालों में आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार ने छह साल के विशेष मिशन की घोषणा की है।

## दाल उत्पादकों को प्रोत्साहन

तुअर, उड़द और मसूर दालों के उत्पादन को बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार की एजेंसियां अगले चार वर्षों तक इनकी खरीद करेंगी। कहा जा रहा है कि इससे दाल उत्पादक किसानों को प्रोत्साहन मिलेगा और घरेलू बाजार में कीमतों को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। यूं कहें कि बजट में कृषि के उत्पादन में उत्पादकता और लचीलापन लाने पर पूरा फोकस किया गया है। जो हर बार की तरह इस बार भी बजट में देखने को मिला। लेकिन कृषि क्षेत्र के लिए वित्त मंत्री ने वैसा कोई ठोस ऐलान नहीं किया, जिससे किसानों को सीधा फायदा उनकी जेब में आता दिखे। वित्तमंत्री ने कहा कि ये बजट ग्रामीण, युवाओं, और छोटे किसानों पर फोकस करते हुए पेश किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार 100 जिलों में कृषि उत्पादकता को बढ़ावा देने का काम करेगी।

## एमएसपी की गारंटी पर चुप्पी

हमारा लक्ष्य राज्यों के साथ मिलकर कृषि का विकास करना है। लेकिन गौर करने वाली बात ये है कि वित्त मंत्री ने बजट में एमएसपी की गारंटी देने के संबंध में कुछ नहीं कहा। जबकि किसान संगठन लंबे समय से एमएसपी को कानूनी दर्जा देने की मांग कर रहे हैं।

प्रथम पेज का शेष

## समय की आहट...

*रूप में उभर रहा है। एमएसएमई को मजबूत करने वाले प्रावधान रखने से छत्तीसगढ़ में निवेश का माहौल शानदार हो गया है। छत्तीसगढ़ की पहचान खनिज संपदा से है तो स्वाभाविक रूप से बजट में खनन क्षेत्र में जिस तरह से सुधारों को और क्रिटिकल मिनरल मिशन को प्रोत्साहन दिया गया है। उससे छत्तीसगढ़ के कटघोरा, जहां लिथियम का भंडारा मिला है उसका पूरा लाभ छत्तीसगढ़ को मिलेगा। इस बजट में छोटे-छोटे उद्यमियों को भी बूस्टअप डोज दिया गया है। कोई भी महिला उद्यमी या आदिवासी-दलित अपना उद्यम शुरू करना चाहते हैं तो उसे 2 करोड़ रुपए तक ऋण की सुविधा है। जनजातीय बाहुल्य हमारे प्रदेश की उद्यमशील भाइयों-बहनों के सपनों को इससे पंख लगेंगे। पीएम स्वनिधि की राशि बढ़ाने से छत्तीसगढ़ में भी लाखों रेहड़ी और पटरी वेंडर्स को अपने व्यवसाय के लिए क्रेडिट कार्ड से अब 30 हजार रुपए तक ऋण मिल सकेगा। हम पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने के लिए विशेष कदम उठा रहे हैं और संयुक्त राष्ट्र संघ ने पर्यटन ग्राम उन्नयन कार्यक्रम के तहत विश्व के 20 सर्वश्रेष्ठ गांवों में बस्तर के धुड़मारास को चयनित किया है। अब केंद्रीय बजट में पर्यटन उद्योग के लिए मुद्रा लोन देने के निर्णय से और एयर कनेक्टिविटी बढ़ाने के निर्णय से छत्तीसगढ़ में टूरिज्म इंडस्ट्री का तेजी से विकास होगा। विशेष रूप से इस निर्णय से बस्तर टूरिज्म को बड़ा बूम मिलेगा। इसी तरह नवा रायपुर, अटल नगर में मेडिकल टूरिज्म के तहत 200 एकड़ में मेडिसिटी बना रहे हैं। हमारे ऐसे प्रयासों इन प्रावधानों से प्रोत्साहन मिलेगा। सरकार की किसानों को सबसे अच्छा मूल्य देने की नीति की वजह से छत्तीसगढ़ के किसान खुशहाल हैं और अपनी कृषि भूमि पर निवेश कर रहे हैं। सरकार द्वारा केसीसी की लिमिट 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख कर दी गई है। अब 5 लाख रुपए तक के ऋण पर ब्याज की छूट दी जाएगी। पीएम धनधान्य कृषि योजना 100 आकांक्षी जिलों में आरंभ की गई है इससे कृषि में तकनीक के उपयोग को बढ़ावा मिलेगा। इसका लाभ खासतौर पर बस्तर और सरगुजा जिले को मिलेगा। राष्ट्रीय उच्च बीज पैदावार मिशन के माध्यम से क्लाइमेट चेंज से निपटने के लिए बीज तैयार किये जाएंगे, साथ ही उच्च उत्पादकता वाले बीजों को बढ़ावा दिया जा सकेगा। डेयरी तथा मछली पालन में भी 5 लाख रुपए तक का लोन दिया जाएगा। हमने एनडीडीबी से एमओयू किया है इससे डेयरी इंडस्ट्री को बढ़ावा मिलने की उम्मीद थी ही, अब बजट में नई घोषणा छत्तीसगढ़ में डेयरी इंडस्ट्री और किसानों की आय को दोगुनी करने के लिए सोने पर सुहागा साबित हुई है। समय की आहट को समझने की गहरी अंतदृष्टि हमारे प्रधानमंत्री जी में है। नया समय ज्ञान आधारित समाज बनाने का है। हमें अधिक से अधिक संख्या में प्रोफेशनल चाहिए। आईआईटी में सीटों की संख्या साढ़े छह हजार बढ़ाई जाएगी। स्किल बढ़ाने 5 राष्ट्रीय सेंटर खोले जाएंगे। मेक इन इंडिया, मेक फार वर्ल्ड को बढ़ावा देने के लिए विश्वस्तरीय संस्थान चाहिए। इस बजट में इन सब पर काफी निवेश किया गया है। एआई की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए 500 करोड़ रुपए से 3 एआई एक्सीलेंस सेंटर बनाए जाएंगे। इस नई दुनिया के लिए बच्चों को तैयार करने सभी शासकीय स्कूलों में ब्राडबैंड की कनेक्टिविटी उपलब्ध कराई जाएगी। यह बजट तकनीक में निवेश करने का बजट है और इतिहास गवाह रहा है कि यह किसी भी देश के लिए हमेशा फायदे का सौदा रहा है।*

*एक लोककल्याणकारी व्यवस्था शिक्षा के बाद सबसे ज्यादा ध्यान स्वास्थ्य सेवाओं पर देती है। जिस तरह कैंसर की बीमारी के मामले तेजी से सामने आ रहे थे, इनके निराकरण के लिए एक असाधारण प्रयास करने की जरूरत थी। अब देश के हर जिले में कैंसर अस्पताल होंगे। छत्तीसगढ़ के हर जिले में कैंसर के इलाज की सुविधा उपलब्ध होगी। कैंसर की दवाएं अब सस्ती होंगी। 36 तरह की जीवनरक्षक दवाएं सस्ती होंगी। मेडिकल उपकरण सस्ते होंगे। अगले 5 सालों में मेडिकल कालेजों में 75 हजार सीटें बढ़ाई जाएंगी। इस साल 10 हजार सीटें बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है। एक स्वस्थ समाज की विकसित समाज बनने की क्षमता रखता है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में किया गया यह निवेश हेल्दी सोसायटी बनाने कारगर भूमिका निभाएगा।*

*अर्थव्यवस्था की स्थिति का जायजा वित्तीय सेहत से लगता है और इसका पता फिस्कल डेफिसिट से जुड़े लक्ष्यों से पता लगता है। केंद्र सरकार का वित्तीय प्रबंधन बहुत अच्छा है और इसमें लगातार सुधार आ रहा है। इस बजट में केंद्र ने फिस्कल डेफिसिट के टारगेट को 4.9 से घटाकर 4.4 रखा है। खास बात यह है कि तमाम जनकल्याणकारी प्रावधानों को वित्तीय अनुशासन सुनिश्चित करते हुए किया जा रहा है। डबल इंजन की सरकारें जहां जहां हैं वहां फिस्कल प्रूडेंस काफी अच्छा है। नीति आयोग ने हाल ही में राजकोषीय स्वास्थ्य सूचकांक जारी किया था। इसमें छत्तीसगढ़ पूरे देश में दूसरे स्थान पर रहा।*

*वर्ष 2047 में भारत के आजाद होने के सौ वर्ष होने पर मोदी जी के विकसित भारत के विजन के अनुरूप विकसित छत्तीसगढ़ तैयार करने हमने विजन डाक्यूमेंट बनाया है। इसे प्राप्त करने के लिए हम तेजी से काम कर रहे हैं। माननीय केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत यह शानदार बजट इस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए एक तेज उत्प्रेरक की तरह काम करेगा। मेरी कल की बजट की उत्सुकता अब प्रसन्नता में बदल गई है। हमारी छत्तीसगढ़ महतारी को संवारने हम सब पूरी ताकत से काम कर रहे हैं। आज हमारा जोश और बढ़ गया है। इस बजट को 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के कदम के रूप में देखा जाना चाहिए और जब देश विकसित राष्ट्र बनेगा तो आखिरी पंक्ति का व्यक्ति भी पीछे न छूट जाए, इसलिए मोदीजी **GYAN** के सूत्र को पिरो कर चल रहे हैं। जिसमें **G** यानी गरीब, **Y** यानी युवा, **A** यानी अन्नदाता और **N** का अर्थ नारी शक्ति है।*

# संक्षेप

## रेलवे क्रॉसिंग पर गिरे पुल के 8 गार्डर

### लखनऊ-वाराणसी रूट पर डेढ़ घंटे तक रेल और सड़क यातायात ठप, 6 ट्रेनें प्रभावित

अमन लेखनी समाचार

सुलतानपुर, लखनऊ-वाराणसी रेलवे मार्ग पर सुबह हनुमानगंज रेलवे क्रॉसिंग पर एक मालवाहक ट्रक से रेलवे ब्रिज के आठ गार्डर रेलवे ट्रैक पर गिर गए। यह हादसा सुबह में हुआ, जब वाराणसी की ओर जा रहा ट्रक क्रॉसिंग पर पहुंचा और उसकी जंजीर टूट गई। इस घटना के कारण रेल और सड़क दोनों यातायात प्रभावित हुए। रेलवे अधिकारियों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए अप लाइन की ट्रेनों को डाउन लाइन से गुजरने की व्यवस्था की। वाराणसी जा रही मालगाड़ी को आधे घंटे तक आउटर पर रोका गया। इसके अलावा, वाराणसी-लखनऊ शटल एक्सप्रेस को बीस मिनट रोककर डाउन लाइन से भेजा गया। शिवनगर-उतरौटिया मेमू को भी पखरौली में आधे घंटे रोककर डाउन ट्रैक से सुलतानपुर भेजा गया। रेलवे और देहात कोतवाली पुलिस की निगरानी में क्रेन और जेसीबी मशीनों की मदद से गिरे हुए गार्डरों को हटाया गया। करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद ट्रैक को साफ किया गया और सुरक्षा जांच के बाद यातायात बहाल किया गया। इस दौरान सुलतानपुर-वाराणसी हाइवे पर भी यातायात पूरी तरह से रोक दिया गया था। कुल मिलाकर इस हादसे में तीन यात्री ट्रेनों सहित छह ट्रेनें प्रभावित हुईं।

## युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

### परिजनों को हत्या की आशंका, नीला पड़ गया था शरीर

अमन लेखनी समाचार

अमरोहा, गजरौला निवासी 22 वर्षीय रोहित उर्फ नन्हे की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मजदूरी के लिए घर से निकले रोहित शाम तक नहीं लौटे। परिजनों ने गजरौला थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने मोबाइल लोकेशन के आधार पर सुबह गढ़ के स्याना चौराहे के पास गन्ने के खेत में रोहित को बेहोश हालत में पाया। उनका शरीर नीला पड़ा हुआ था। स्थानीय सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में मेरठ रेफर किया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। रोहित मजदूरी कर अपनी पत्नी और दो बच्चों का पालन-पोषण करते थे। परिजनों का आरोप है कि उन्हें जहर देकर मारा गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। सीओ स्तुति सिंह के अनुसार, टोल प्लाजा, ब्रजघाट और हाईवे पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच की जा रही है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा। परिजन जता रहे हत्या की आशंका मृतक का शरीर नीला पड़ा हुआ मिला। जिस कारण परिजनों ने उनकी हत्या की आशंका जताई है। परिजनों का कहना है कि रोहित का कभी किसी से विवाद नहीं हुआ।

# चिकित्सा शिविर, गोष्ठी और हस्ताक्षर अभियान चलाकर मनाया गया विश्व कैंसर दिवस

अमन लेखनी समाचार/सिराज अली




बहराइच। मंगलवार को सीएमओ कार्यालय समेत जनपद की समस्त स्वास्थ्य इकाइयों पर चिकित्सा शिविर, गोष्ठी और हस्ताक्षर अभियान चलाकर ?विश्व कैंसर दिवस? का आयोजन किया गया। सीएमओ कार्यालय सभागार में हुई गोष्ठी में 'यूनाइटेड बाई यूनीक' थीम के तहत जन जागरुकता एवं हस्ताक्षर अभियान का भी आयोजन किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ० संजय कुमार ने की जबकि कार्यक्रम का संचालन जिला स्वास्थ्य शिक्षा सूचनाधिकारी बृजेश सिंह ने किया। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ० संजय कुमार ने गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि हर साल विश्व कैंसर दिवस को एक थीम के साथ मनाया जाता है। इस साल ?विश्व कैंसर दिवस? की थीम 'यूनाइटेड बाय यूनीक' रखी गई है। इस थीम का उद्देश्य यह बताना है कि कैंसर सिर्फ इलाज से नहीं, बल्कि लोगों के साथ से जीतने वाली एक लड़ाई है जिसे हमें जड़ से खत्म करना है। लोगों में खराब खानपान, अनियमित जीवनशैली, तंबाकू का सेवन और हार्मोनल संतुलन के कारण कैंसर होने की आशंका बनी रहती है। इसलिए कैंसर के लक्षणों पर ध्यान देना बहुत जरूरी है। सर्जरी, कीमोथेरेपी, रेडियोथेरेपी के अलावा अब मरीजों का इलाज इम्यूनोथेरेपी, हार्मोन थेरेपी से भी किया जा रहा है। कार्यक्रम में जिला एनसीडी प्रकोष्ठ के नोडल अधिकारी डॉ० संदीप मिश्रा ने कहा कि शब्द कैंसर अपने आप में इतना भयावह है कि इसे सुनते ही व्यक्ति की रूह कांप जाती है। कैंसर के मरीजों की मानसिक स्थिति का विवरण करना नामुमकिन है। हम लोगों को जागरुक बनाना चाहते हैं ताकि ज्यादातर प्रकार के कैंसर का उपचार किया जा सके और इसे नियन्त्रित किया जा सके। अगर इसे शुरूआती अवस्था में ही पहचान कर इलाज शुरू कर दिया जाए तो कैंसर के खिलाफ हम जंग जीत सकते हैं। इसके लिए हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि रोग की रोकथाम, जल्दी निदान एवं उपचार तथा पैलिएटिव केयर से जुड़ी सेवाओं को युनिवर्सल हेल्थ कवरेज में शामिल किया जाए। एनसीडी क्लीनिक के डॉ०अंशुमान सिंह ने कहा कि जीवनशैली में बदलाव जैसे सेहतमंद आहार, शारीरिक व्यायाम, एल्कोहल एवं तंबाकू का सेवन न करना कैंसर से बचने के कारगर तरीके हैं। इससे न सिर्फ कैंसर से बचाव होता है बल्कि जीवन की गुणवत्ता भी बेहतर होती है। विश्व कैंसर दिवस के उपलक्ष्य में समस्त स्वास्थ्य इकाइयों एवं जिला एनसीडी क्लीनिक में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। लगाया गया। डॉ० अंशुमान सिंह ने शिविर में आए मरीजों के उच्च रक्तचाप, मधुमेह एवं कैंसर की स्क्रीनिंग की। इस अवसर पर उप मुख्य चिकित्साधिकारी सतीश गौतम, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ० राजेश कुमार, डॉ० संतोष राणा, डॉ० अनुराग वर्मा, विवेक श्रीवास्तव, रियाजुल हक, पुनीत शर्मा, सन्तोष सिंह, बृज प्रकाश, स्वाती श्रीवास्तव, मोहम्मद हारून, मोहम्मद फहीम, शरद श्रीवास्तव, मनीष कुमार सिंह के साथ मेंटल हेल्थ की टीम व समस्त ब्लॉक की एएनएम मौजूद रही।

# हांड़ा बसहरी में ज्ञान कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का हुआ शुभारंभ

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। श्रीमद् भागवत कथा के शुभारंभ से पूर्व कलश यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें महिलाओं पुरुषों व बच्चों ने प्रतिभाग कर कलश यात्रा को भव्य बनाया इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस भी मौके पर मौजूद रहे। नानपारा तहसील के हाड़ा बसहरी में विराट श्री राम महायज्ञ एंव संगीत मय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हो गया। 4 फरवरी से 12 फरवरी तक 9 दिवसीय महायज्ञ में अयोध्या धाम से पधारे हुए संत सुधीर दास जी महाराज आचार्य नंदलाल मिश्रा अयोध्या धाम सुनील शास्त्री अयोध्या धाम योगेश शास्त्री आशीष शास्त्री व अन्य संत महात्माओं ने हाड़ा बसहरी से काग भूसुंडी सरयू घाट तक कलश शोभायात्रा निकालकर महायज्ञ का श्री गणेश भक्तों से करवाया। कलश शोभा यात्रा के मौके पर सैकड़ो महिलाएं और बुजुर्गो तथा बच्चों ने कलश यात्रा में भाग लिया कलश यात्रा को लेकर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए कस्बा इंचार्ज ओमप्रकाश वर्मा सिपाही अजीत सिंह, विनय चौधरी के नेतृत्व में पुलिस फोर्स की तैनाती कर कलश यात्रा को सकुशल संपन्न कराया गया। महायज्ञ के मुख्य यजमान अनंत राम तिवारी राम विनायक शुक्ला रामकृष्ण तिवारी मैथिलीशरण तिवारी बुद्धसागर शुक्ला विनोद द्विवेदी चंद्रमणि द्विवेदी आलोक द्विवेदी निरंजन शुक्ला, भाजपा मंडल अध्यक्ष अरविंद चौधरी दिवाकर द्विवेदी आदि भक्त कलश यात्रा शामिल रहे।

# विद्यालय के वार्षिक वर्षगांठ पर रंगारंग कार्यक्रम आयोजित



अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। उसरा इंटर कॉलेज सोनारी चौराहा के वार्षिक वर्षगांठ पर विद्यालय के बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। विद्यालय के प्रबंधक बकाउल्ला के द्वारा कार्यक्रम में तशरीफ लाए हुए सभी मेहमानों का फूल मालाओं से स्वागत किया गया और उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया। उसरा इंटर कॉलेज सोनारी चौराहा की वार्षिक प्रोग्राम के मद्देनजर कैसरगंज इलाके के तमाम संभ्रांत नागरिक गणों ने शिरकत किया। स्कूली बच्चों ने मनमोहन सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। लोगों ने स्कूल के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर विजय कुमार सिंह रैकवार पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष लोकतंत्र रक्षक सेनानी प्रमोद गुप्ता सफीउल्लाह एडवोकेट एवं इलाके की तमाम गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# कैसरगंज बार के नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

## मुख्य अतिथि ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष को व अध्यक्ष ने अपने कार्यकारिणी को दिलाई शपथ

अमन लेखनी समाचार



फखरपुर/कैसरगंज, बहराइच। जनपद बहराइच के कैसरगंज तहसील बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन दीप प्रज्वलित कर सरस्वती माता के चित्र पर माल्यार्पण कर शुरू किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अजय कुमार मिश्र टेनी एडवोकेट पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री भारत सरकार व बिशिष्ठ अतिथि पदम सिंह चौधरी पूर्व सांसद/प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा एवं सदस्य विधान परिषद उत्तर प्रदेश व जानकी शरण पांडेय एडवोकेट पूर्व अध्यक्ष बार काउंसिल ऑफ प्रदेश सहित निशंक त्रिपाठी प्रतिनिधि विधायक पयागपुर उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष बार एसोसिएशन बहराइच रामजी बाजपेई व कार्यक्रम का संचालन मनोज कुमार सिंह एडवोकेट ने किया। नवनिर्वाचि मुख्य अतिथि ने बार के अध्यक्ष गंगाधर मिश्र एडवोकेट को शपथ दिलाई तथा बार के अध्यक्ष गंगाधर मिश्र एडवोकेट ने अपने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के अजय प्रताप सिंह महामंत्री, देव शरण सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष, धीरेंद्र कुमार उपाध्यक्ष मध्यम, अनिल कुमार शुक्ला उपाध्यक्ष मध्यम, रमेश कुमार वर्मा कनिष्ठ उपाध्यक्ष, राहुल कुमार वर्मा कनिष्ठ उपाध्यक्ष, सतीश कुमार यादव कोषाध्यक्ष, राजमणि यादव संयुक्त मंत्री, संपूणानंद मिश्रा पुस्तकालय अध्यक्ष, अमर सिंह चौहान उपाध्यक्ष तथा सदस्य कार्यकारिणी रितेंद्र विक्रम सिंह, उमेश चंद्र मिश्र, राधेश्याम यादव, संजीव कुमार यादव, हसमुद्दीन, शाहिद खान, सिराज अहमद, शिवम सिंह बिसेन, योगेश कुमार मिश्रा, हरीराम चक्रवर्ती सहित अब्दुल समद खान को शपथ ग्रहण कराया और बार के नवनिर्वाचित कार्यकारिणी सहित बार के समस्त सदस्यगणों ने शपथ ग्रहण समारोह में आए सभी अतिथिगण का स्वागत एवं अभिनंदन किया। बार के अध्यक्ष गंगाधर मिश्र ने मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि को स्मृति चिन्ह व मंच पर उपस्थित अतिथि गणों राम दरबार की झांकी सहित अंग वस्त्र देकर स्वागत सम्मान किया। शपथ ग्रहण कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख कैसरगंज संदीप सिंह विसेन, उप जिलाधिकारी कैसरगंज आलोक प्रसाद, न्यायिक एसडीएम लालधर यादव, तहसीलदार अभय राज पांडे, अवधेश सिंह एडवोकेट पूर्व बार एसोसिएशन अध्यक्ष लखीमपुर खीरी, प्रज्ञा यादव सब रजिस्ट्रार कैसरगंज, एसओ कैसरगंज हरेंद्र विक्रम सिंह, राम छविले शुक्ला, विजय प्रताप सिंह, नसीब खान, वेद प्रकाश सिंह, बालक राम सरोज, गिरीश श्रीवास्तव, विनोद शुक्ला, सुरेश सिंह, शिशिर श्रीवास्तव, मनोज मिश्रा, अरसालम रसीद, गोरखनाथ सिंह, भगवती प्रसाद राव, बृजेश मिश्र, मनोहर लाल वर्मा, चित्रसेन सिंह, नारायण शर्मा, देशराज पाल, विनय प्रकाश मिश्रा, मधुकर मिश्रा, अखिलेश यादव, सिराज अंसारी, विनोद सिंह चौहान, हसन रजा, दयाराम यादव, जेडी पाल सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# मुबारक उर्स के मौके पर तीन दिवसीय विशाल मेले का आयोजन

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा

बहराइच। हिंदू मुस्लिम एकता के प्रतीक बाबा इकरार शाह रहमतुल्लैह के मुबारक उर्स के मौके पर तीन दिवसीय विशाल मेले का आयोजन किया गया। रविवार से शुरू हुए इस मेले में बाह्य नाट्य कलाकारों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम के साथ ही आसपास के सैकड़ो दुकानदारों द्वारा लगी दुकान लोगों में आकर्षण का केंद्र रहीं। विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी बसंत पंचमी के अवसर पर विकासखंड नवाबगंज के ग्राम पंचायत रामपुर हुसैन बख्श के मजरा नरैनापुर में रविवार से तीन दिवसीय उर्स के मुबारक मौके पर मेला का आयोजन किया गया। बताते चले कि यह मेला क्षेत्र में हिंदू मुस्लिम एकता का प्रतीक है। मेला व्यवस्थापक व कमेटी अध्यक्ष ग्राम प्रधान नन्द किशोर वर्मा सहित, जुबैर, मतीम, सूबेदार, सलीम आदि लोग उर्स के सफल संचालन में बराबर लग रहे।

# दबंगों ने महिलाओं-बच्चों पर किया हमला

## दरवाजे के सामने ट्रैक्टर खड़ा करने से किया था मना

अमन लेखनी समाचार



बांदा, उत्तर प्रदेश के बांदा जिले में दबंगों की दादागिरी का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। कालिंजर थाना क्षेत्र में शाम करीब 5 बजे कुछ दबंगों ने महिलाओं और बच्चों पर जानलेवा हमला कर दिया। घटना का कारण मामूली था। पीड़ित परिवार ने दबंगों को अपने घर के दरवाजे के सामने ट्रैक्टर खड़ा करने से मना कर दिया था। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जिसमें साफ देखा जा सकता है कि किस तरह दबंग लोग महिलाओं और बच्चों पर बेरहमी से हमला कर रहे हैं। हमले में कई लोगों को गंभीर चोटें आई हैं। स्थानीय ग्रामीणों ने इस पूरी घटना का वीडियो बना लिया। जिसे बाद में सोशल मीडिया पर शेयर कर दिया गया। यह घटना क्षेत्र में कानून व्यवस्था की स्थिति पर गंभीर सवाल खड़े करती है। मामूली विवाद में दबंगों द्वारा की गई इस हिंसक कार्रवाई ने स्थानीय लोगों में भय का माहौल पैदा कर दिया है। स्थानीय प्रशासन से इस मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग की जा रही है।

# पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी का हुआ भव्य स्वागत

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। बार एसोसिएशन कैसरगंज बहराइच के नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह में अतौर मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री भारत सरकार अजय कुमार मिश्र टेनी का काफिला जैसे ही बहराइच सीमा में दाखिल हुआ उनकी एक झलक पाने के लिए हजारों की तादात में उनके समर्थक उमड़ पड़े। इसी क्रम में शुभम पाठक जिला शोध एवं प्रशिक्षण प्रमुख युवा मोर्चा बहराइच के नेतृत्व में जालिम नगर पुल पर जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर अंकुर तिवारी, पूर्व शिक्षक रामफेरन विश्वकर्मा, सौरभ मिश्रा, उमेश कौलिक सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सशक्त गांव-विकसित राष्ट्र कार्यक्रम संपन्न

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण समिति द्वारा सशक्त गांव विकसित राष्ट्र के तहत सम्मान समारोह का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरदा प्रांगण में आयोजित हुआ। मिली जानकारी के मुताबिक विकास खंड नवाबगंज के 10 ग्राम सभा के एएनएम, आशा बहू, आंगनवाड़ी, ग्राम प्रधान सहित ग्राम पंचायत कोटेदार लोगों को प्रमाणपत्र एवं स्मृतिचिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे एसीएमओ डॉ राजेश कुमार एवं सीएचसी अधीक्षक डॉ आरएन वर्मा द्वारा उपस्थिति समस्त एएनएम को ब्लड प्रेशर मशीन, एचआरपी रजिस्टर, यूरिन कंटेनर सहित अन्य आवश्यक सामग्री वितरित की गई। अधीक्षक श्री वर्मा ने कहा कि गांवों के सर्वांगीण विकास में आप सभी महती भूमिका अदाकर रहे है, सशक्त भारत विकसित राष्ट्र कार्यक्रम द्वारा प्रदत्त की गई सामग्री को जरूरतमंद लोगों एवं गांव में सम्यक प्रयोग करें। इस मौके पर हरिराम आर्य स्वास्थ्य पर्यवेक्षक, अबू स्वलेह सिद्दीकी बीपीएम, सत्येंद्र मिश्रा, दीपक कुमार, आनंद पाठक, कार्यक्रम प्रबंधक आदर्श मिश्रा, फील्ड मेकर देवेंद्र तिवारी, चंद्रमणि दीक्षित, विवेक श्रीवास्तव सहित अन्य लोग उपस्थिति रहे।




# कुत्ते की डंडे से पीटकर हत्या का आरोप

## महिला ने कैफे संचालक को रेप केस में फंसाने की दी धमकी

अमन लेखनी समाचार



शाहजहांपुर, एक कैफे संचालक और पड़ोस की महिला के बीच कुत्तों को लेकर विवाद ने तूल पकड़ लिया है। मामला कोतवाली क्षेत्र के खलील गर्वी का है, जहां शिवम रस्तोगी नाम के युवक का आरोप है कि महिला और उसके पति ने न केवल एक कुत्ते को पीट-पीटकर मार डाला, बल्कि उसे झूठे रेप केस में फंसाने और कैफे बंद करवाने की धमकी भी दी। शिवम रस्तोगी अपने कैफे के पास करीब 20-25 आवारा कुत्तों की देखभाल करते हैं। 1 जनवरी को उनकी पड़ोस की महिला और उसके पति ने एक कुत्ते को इतनी बेरहमी से पीटा कि उसकी मौत हो गई। जब शिवम ने विरोध किया तो आरोपियों ने बाकी कुत्तों को भी जहर देकर मारने की धमकी दे दी। पुलिस के सामने भी धमकी मामला तब और गरमा गया जब 2 फरवरी को पीएफए (पीपुल फॉर एनिमल्स) के पदाधिकारियों के सामने भी आरोपी दंपति धमकियां देता रहा। स्थिति इतनी तनावपूर्ण हो गई कि पुलिस को बुलाना पड़ा, लेकिन पुलिस की मौजूदगी में भी आरोपी शांत नहीं हुए। पुलिस को दी तहरीर, जांच जारी पीड़ित शिवम रस्तोगी ने इस पूरे मामले की लिखित शिकायत पुलिस को दी है और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। इस विवाद का वीडियो भी सामने आया है, जिसे लेकर सोशल मीडिया पर लोग नाराजगी जता रहे हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# सपा का पीडीए के साथ ऐतिहासिक गठबंधन

## सुलतानपुर में अखिलेश यादव के नेतृत्व में 2027 की मजबूत सरकार बनाने का संकल्प

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, समाजवादी पार्टी और पीडीए समाज के बीच एक ऐतिहासिक सभा का आयोजन हुआ। समाजवादी पार्टी मुलायम यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष शहजाद अहमद की अगुवाई में आयोजित इस कार्यक्रम में सपा के प्रदेश सचिव अशोक सिंह बिसेन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शहजाद अहमद ने कहा कि सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव किसान, गरीब और युवाओं की आवाज हैं। उन्होंने वर्तमान सरकार पर सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का आरोप लगाते हुए कहा कि पार्टी भ्रष्टाचार, अपराध और भय के खिलाफ लड़ाई लड़ रही है। साथ ही सरकारी संस्थाओं के निजीकरण का विरोध भी कर रही है। प्रदेश सचिव अशोक सिंह बिसेन ने समाज में एकता का संदेश देते हुए 2027 में अखिलेश यादव के नेतृत्व में एक मजबूत सरकार बनाने का आह्वान किया, जो सभी वर्गों के हितों की रक्षा करेगी। कार्यक्रम में युवा नेता अमरीश कांत, सुरेश कुमार, राकेश पाल समेत कई कार्यकताओं ने बाबा साहब की मूर्ति पर माल्यार्पण कर दलित और पिछड़े वर्गों में जागरूकता का संदेश दिया।

# दबिश देने पहुंची पुलिस, रेप पीड़िता छत से कूदी

## विपक्षियों ने पति के खिलाफ दर्ज कराया था मुकदमा, गिरफ्तार करने पहुंची थी टीम

अमन लेखनी समाचार




अमरोहा, दबिश देने पहुंची पुलिस टीम के डर से एक रेप पीड़िता ने घर की छत से छलांग लगा दी। जिससे पीड़ित गंभीर रूप से घायल हो गई है। घायल महिला को मेरठ के लिए रेफर किया गया है। पीड़िता का आरोप है कि पुलिस उसके पति को गिरफ्तार करने के लिए आई थी। इस दौरान पुलिस ने उसके पति को गोली मारने की बात कही। इसी के डर से उसने छत से छलांग लगा दी। मामले को लेकर सीओ नौगावां पंकज त्यागी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज है। कानूनी प्रक्रिया के तहत ही पुलिस की टीम गिरफ्तारी के लिए गई थी। कोई अभद्रता नहीं की गई है। मामले की जानकारी उच्चाधिकारियों को दे दी गई है। घटना नौगावां सादात थाना क्षेत्र की है। जोया रोड स्थित किराए के मकान में रहने वाली महिला ने गांव के ही एक युवक पर रेप का आरोप लगाया था, जिसके बाद मामला दर्ज किया गया। लेकिन कुछ दिनों बाद, आरोपी पक्ष ने भी पलटवार करते हुए महिला के पति के खिलाफ घर में घुसकर आग लगाने समेत गंभीर धाराओं में केस दर्ज करा दिया। सुबह करीब 6 बजे, नौगावां सादात थाने की पुलिस टीम पीड़िता के पति की गिरफ्तारी के लिए जोया रोड स्थित उनके वर्तमान निवास पर पहुंची। आरोप है कि पुलिस को देखते ही महिला घबरा गई और छत की ओर भागी। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने उसके पति को गोली मारने की धमकी दी, जिससे डरकर महिला ने छत से छलांग लगा दी। स्थानीय लोगों ने तुरंत महिला को जिला अस्पताल पहुंचाया, लेकिन रीढ़ की हड्डी में गंभीर चोट के कारण डॉक्टरों ने उसे मेरठ रेफर कर दिया।

## संक्षेप

### पुलिस पर ठगी के आरोपियों को बचाने का आरोप

**पीड़ित ने कहा– 54 लाख की धोखाधड़ी में दरोगा ने की सांठगांठ, धरने की चेतावनी**

अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद, भोजपुर थाना क्षेत्र में जमीन की खरीद-फरोख्त के नाम पर हुई 54 लाख रुपये की धोखाधड़ी का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। पीड़ित पक्ष ने मामले की जांच कर रहे दरोगा पर आरोपियों से मिलीभगत का आरोप लगाया है। गांव पलौता के निवासी पवन और महेश ने बताया कि उनके ही गांव के देवेंद्र ने अपने साथी अमित जैन के साथ मिलकर जमीन बेचने के नाम पर क्रमशः 39.50 लाख और 14.30 लाख रुपये की ठगी की। पैसे वापस मांगने पर आरोपियों ने इनकार कर दिया, जिसके बाद दोनों पीड़ितों ने भोजपुर थाने में अलग-अलग मुकदमे दर्ज कराए। पीड़ितों का आरोप है कि दोनों मामलों की जांच कर रहे एक ही दरोगा ने आरोपियों से पैसे लेकर उन्हें बचाने की साजिश रची है। दो महीने से अधिक समय बीत जाने के बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की गई है। इस बीच आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं और पीड़ित पक्ष को जान से मारने की धमकियां दे रहे हैं। जब पीड़ितों ने दरोगा से गिरफ्तारी के बारे में पूछा तो उन्होंने हाईकोर्ट में जमानत याचिका लगे होने का हवाला देकर कार्रवाई से इनकार कर दिया। इस जवाब से आहत पीड़ितों ने एसीपी से शिकायत की है और मामले की जांच दूसरे अधिकारी को स्थानांतरित करने की मांग की है। पीड़ित परिवारों ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांग नहीं मानी गई तो वे कमिश्नर कार्यालय पर धरना देंगे।

### दिल्ली विधानसभा चुनाव की सुरक्षा को लेकर रेलवे पुलिस सतर्क

**जीआरपी–आरपीएफ करेंगी संयुक्त चेकिंग, गाजियाबाद में की गई बैठक**

गाजियाबाद, दिल्ली विधानसभा चुनाव को देखते हुए रेलवे पुलिस ने अपनी सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक कड़ा करने का निर्णय लिया है। गाजियाबाद विद्युत लोको शेड के सभागार में जीआरपी और आरपीएफ की एक महत्वपूर्ण कोऑर्डिनेशन बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में गाजियाबाद, दिल्ली और दिल्ली से सटे उत्तर प्रदेश के रेलवे स्टेशनों के पुलिस प्रभारी शामिल हुए। जीआरपी के सीओ मुरादाबाद सुदेश गुप्ता के अनुसार, चुनाव के दौरान सुरक्षा को मजबूत बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। जीआरपी और आरपीएफ संयुक्त रूप से नियमित और आकस्मिक चेकिंग अभियान चलाएंगे। सुरक्षा को और अधिक कारगर बनाने के लिए सीसीटीवी कैमरों का नेटवर्क मजबूत किया जाएगा। विशेष रूप से, पिछले 5 वर्षों में जेल गए अपराधियों का विशेष सत्यापन किया जाएगा और उन पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। आरपीएफ के सहायक सुरक्षा आयुक्त की उपस्थिति में हुई इस बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस प्रकार की व्यापक सुरक्षा व्यवस्था से चुनाव के दौरान रेल परिसर में किसी भी तरह की अप्रिय घटना को रोका जा सकेगा।

## आईजीएल- कार्टेवा एग्रीसाइन्स के तत्वाधान में ड्रोन द्वारा किटनाशक का छिड़काव




अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र स्थित के इंडिया ग्लाईकॉल्स लिमिटेड एवं कार्टेवा एग्रीसाइन्स द्वारा संयुक्त रूप से मक्का की रवि फसल पर पूर्वांचल के चार जिलों गोरखपुर, कुशीनगर, महराजगंज और संतकबीर नगर में पहली बार ड्रोन मशीन के माध्यम से किटनाशक का छिड़काव कराया गया। उक्त कार्यक्रम नाथनगर एग्रीटेक्नो फेड फॉर्मर्स प्रोडूसर्स कंपनी के निदेशक अमिताभ पांडेय के माध्यम से किसान सुरेश चन्द्र पांडेय के पाँच एकड़ खेत में कराया गया उसके बाद अन्य जिलों में छिड़काव का कार्य हुआ। उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि जिला कृषि अधिकारी, संतकबीर नगर सर्वेश यादव एवं सः मुख्य अतिथि जिला उद्यान अधिकारी समुद्रगुप्त मल्ल एवं सहायक विकास अधिकारी पृथुराम रहे और बताया की मक्के की खेती को बढ़ावा देने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार भी नयी नयी योजना ला रही है और आईजीएल और कार्टेवा एग्रीसाइन्स के संयुक्त प्रयासों से किसानो को आधुनिक मशीनो द्वारा कृषि कार्य करने में सुगमता और सरलता आएगी। जिला कृषि अधिकारी, संतकबीर नगर ने बताया की इन मशीनो के उपयोग से किसान के समय की बचत और लागत भी कम लगेगी। इसी क्रम में आईजीएल के एसोसिएट मैनेजर एडमिन अखिलेश कुमार शुक्ल ने बताया कि जो किसान द्वारा उत्पादित मक्का आईजीएल द्वारा क्रय किया जायेगा जिससे किसानों को फसल विक्रय में होने वाली समस्या को आईजीएल ने दूर किया है। आईजीएल के बिजनेस हेड एस के शुक्ल के दूरदृष्टि और किसानो को सम्मृद्ध बनाने के लिए निरंतर नए नए उपकरणो को उनके कृषि कार्य को सरल बनाने के लिए उपलब्ध कराने पर जोर रहता है इसी क्रम में आज किसानो को एग्री विंग्स द्वारा ड्रोन के माध्यम से उनके खेत में कीटनाशक दवा का छिड़काव का आयोजन किया गया, जिससे क्षेत्र के किसानों को कृषि कार्य में सरलता होगी और अधिक से अधिक किसान मक्के की खेती करेंगे। उक्त अवसर पर कार्टेवा एग्रीसाइन्स के जोनल एग्रोनॉमिस्ट प्रदीप सिंह ने बताया की किसानो को प्रदत्त ये मशीने मक्के के क्षेत्रफल को बढ़ाने के लिए क्रान्ति का कार्य करेंगी और कार्टेवा एग्रीसाइन्स सदैव किसानों के विकास हेतु प्रतिबद्ध है। उक्त कार्यक्रम में आईजीएल से यशोवर्धन पांडेय एवं कार्टेवा एग्रीसाइन्स के मुस्तकीम मलिक, एग्री विंग्स से हरिओम राणा और सैकड़ों किसान बंधू उपस्थित रहे।

## भव्य कलश यात्रा के साथ श्री रुद्र महायज्ञ का हुआ शुभारंभ

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत विकासखंड पाली क्षेत्र स्थित के ग्राम सभा विडार में भव्य एवं पारंपरिक वेश मंगलवार से श्री रुद्र महायज्ञ का कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। अवध धाम के यज्ञाचार्य श्री राजेश जी महाराज के साथ कथा आयोजन स्थल से पवित्र जलस्त्रोत से जल भरने के साथ शुरू हुई कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालु शामिल रहीं। पवित्र जलस्त्रोत से कलश को भर कर लाने के बाद कथा आयोजन स्थल पर धार्मिक विधि एवं मंत्रोच्चरण के साथ स्थापित किया गया। उन्होंने बताया कि रुद्र रुद्र महायज्ञ का आयोजन जहां भी होता है, वो तीर्थ स्थल कहलाता है। इसका सुनने एवं आयोजन कराने का सौभाग्य भी प्रभु प्रेमियां को ही मिलता है। ऐसे में अगर कोई दूसरा अन्य भी इसे गलती से भी श्रवण कर लेता है, तो भी वो कई पापों से मुक्ति पा लेता है। इसलिए नव दिन तक चलने वाली इस पवित्र कथा को श्रवण करके अपने जीवन को सुधारने का मौका हाथ से नहीं जाने देना चाहिए। अगर कोई नव दिन तक किसी व्यवस्तता के कारण नहीं सुन सकता है, तो वह दो तीन या चार दिन ही इसे सुनने के लिए अपना समय अवश्य निकालें। तब भी वो इसका फल प्राप्त करता है, इसके सुनने के प्रभाव से मनुष्य बुराई त्याग कर धर्म के रास्ते पर चलना शुरू कर देता है। यजमान जिला अध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह पत्नी मीना सिंह, बेचन सिंह पत्नी विद्यावती सिंह, जितेंद्र मोहन सिंह, वेद प्रकाश सिंह विनय सिंह, जवाहिर साहनी कलश यात्रा में सहजनवा विधायक प्रदीप कुमार शुक्ल, ब्लाक प्रमुख ई शशी प्रताप सिंह, चेयरमैन प्रभाकर दुबे, उमेश दुबे, ब्लाक प्रमुख दिलीप यादव जिला उपाध्यक्ष छोटे लाल मौर्या, मनोज सिंह, नरेंद्र शुक्ला शिवचरण प्रसाद, युवा नेता रोशन सिंह, डॉ विजय सिंह, अनिल सिंह, अजय सिंह, चंद्रभान साहनी सहित हजारों महिलाएं पुरुष बच्चे शामिल हुए

## छत से गिरकर व्यक्ति की मौत



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत विकासखंड पाली क्षेत्र स्थित के घघसरा चौकी अंतर्गत ग्राम जाल्हेपार निवासी सामा 56 वर्ष कि मंगलवार शाम 4:00 बजे छत से गिरकर मौत हो गई। वह किसी काम से छत पर चढ़े हुए थे। बताया जाता है कि- बच्चों के शोरसराबे के कारण एक बंदर अचानक छत पर पहुंच गया और भय वश छत से नीचे गिर गए। मौके पर पहुंची घघसरा चौकी पुलिस शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय गोरखपुर भेज दिया है। मृतक के दो लड़के हैं, जो सभी बाहर रहकर मजदूरी करते हैं। घर की बहुएं भी खेत गई हुईं थीं।

## एनडीआरएफ ने केंद्रीय विद्यालय के स्टूडेंट को बताया आपदा में बचाव के तरीके

अमन लेखनी समाचार




गोरखपुर। आपदा जोखिम न्यूनीकरण और प्रबंध योजना के तहत उप महानिरीक्षक मनोज कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में एनडीआरएफ के उप कमांडेंट संतोष कुमार के नेतृत्व में आज दिनांक 04.02.2025 को केंद्रीय विद्यालय क्र.02 गोरखपुर में एक दिवसीय कार्यशाला में आपदा के विषय पर प्रशिक्षण दिया गया। आपदा प्रबंधन एक दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत बताया गया कि भूकंप आने पर स्कूल के बच्चों को क्या कार्रवाई करनी चाहिए आपदा के दौरान घायल व्यक्तियों को अस्पताल से पूर्व चिकित्सा के बारे में बताया गया और साथ ही इन आपदाओं में प्रयोग होने वाली बचाव तकनीक, फंसे हुए लोगों को निकालने एवं उन्हें प्राथमिक उपचार देने के बारे में बताया गया। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में प्राथमिक उपचार जैसे ड्रेसिंग- बैंडेज, रक्त स्राव को रोकना, फैक्चर को सुरक्षित करना, सीपीआर पद्धति, एफबीओ का प्रयोगात्मक प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आपदा के प्रति जागरूकता को बढ़ाना जिससे किसी भी आपदा के समय अमूल्य मानव जीवन को बचाया जा सके इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य श्री अनन्त कुमार मिश्र उप प्रधानाचार्य श्री उदय कुमार सिंह सुश्री ज्योति (मुख्याध्यापिका) एवं अमित कुमार शुक्ला एवं अन्य अध्यापक और अध्यापिका मौजूद रहे। इस जागरूकता अभियान में एनडीआरएफ गोरखपुर से प्रशिक्षक के तौर पर टीम कमांडर निरीक्षक दीपक मंडल के द्वारा संपन्न किया गया।

## नाबालिक के साथ दुराचार करने वाले आरोपी की तलाश जारी



अमन लेखनी समाचार

अमौली, फतेहपुर। जनपद के चांदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव में 55 वर्षीय अधेड़ द्वारा 9 वर्ष की नाबालिक बेटी के साथ दुराचार का अंजाम दिया गया पीड़ित पिता ने नजदीकी थाना चांदपुर में लिखित प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि विगत दिवस रविवार को आरोपी ने नाबालिक बेटी को टॉफी देने के बहाने से बुलाया तथा बेटी के साथ छेड़छाड़ दुष्कर्म किया चांदपुर थाना अध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने मुकदमा दर्ज कर अपराधी की तलाश प्रारंभ की वही जानकारी लेने पर थाना अध्यक्ष ने बताया कि पिता की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है तथा नाबालिक को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया रिपोर्ट आते ही अग्रिम कार्रवाई की जाएगी

## यूपी पुलिस भर्ती में फर्जीवाड़ा

- **7 युवकों ने बनाए फर्जी स्वतंत्रता सेनानी प्रमाणपत्र, आरक्षण का लाभ लेने की कोशिश में गिरफ्तार**

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश पुलिस की आरक्षी भर्ती परीक्षा में एक बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। इकोटेक वन थाना पुलिस ने फर्जी स्वतंत्रता सेनानी प्रमाणपत्रों के साथ भर्ती परीक्षा में शामिल होने की कोशिश कर रहे सात युवकों को गिरफ्तार किया है। रिजर्व पुलिस लाइन कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर में चल रही उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी सीधी भर्ती-2023 की डीवीपीएसटी (डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन एंड फिजिकल स्टैंडर्ड टेस्ट) के दौरान यह मामला सामने आया। जनपदीय बोर्ड द्वारा दस्तावेजों की जांच के दौरान पाया गया कि सभी अभ्यर्थियों ने आरक्षण का लाभ लेने के लिए फर्जी स्वतंत्रता सेनानी प्रमाणपत्र जमा किए थे। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में सुमित, राहुल सिंह, विजय कुमार, अकील खान, मनीष कुमार, रामकुमार सिंह और पवन कुमार शामिल हैं। सभी आरोपी बुलंदशहर जिले के खुर्जा और शिकारपुर क्षेत्र के रहने वाले हैं। जब संबंधित जनपद से इन प्रमाणपत्रों की पुष्टि की गई, तो पता चला कि ये प्रमाणपत्र उनके कार्यालय से जारी नहीं किए गए थे। पुलिस ने सभी आरोपियों के कब्जे से फर्जी स्वतंत्रता सेनानी प्रमाणपत्र बरामद कर लिए हैं और मामले में आगे की जांच जारी है।

## प्रीपेड टास्क में मुनाफा दिखाकर 52 लाख ठगे

**वॉट्सऐप नंबर पर आया मैसेज, टेलीग्राम से जोड़ा; प्रशिक्षण दिया फिर की ठगी**

अमन लेखनी समाचार



नोएडा, प्रीपेड टास्क के जरिए मोटा मुनाफ होने का झांसा देकर साइबर अपराधियों ने एक व्यक्ति को अपने जाल में फंसा लिया। जालसाजों ने रोजाना दो से आठ हजार रुपए कमाने का लालच दिया। ऐसा करके आरोपियों ने 51 लाख 63 हजार रुपए से अधिक की ठगी कर ली। पीड़ित की शिकायत पर साइबर अपराध थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित पंचशील ग्रींस सोसाइटी निवासी अभिनव शर्मा ने पुलिस को बताया कि उन्हें वॉट्सऐप पर अज्ञात नंबर से मैसेज आया। मैसेज करने वाली महिला ने अपना नाम पल्लवी बताया। उसने प्रीपेड टास्क पूरा करने पर मोटा मुनाफा होने के बारे में जानकारी दी। उसने बताया कि ऐसा करके वह रोजाना दो हजार से आठ हजार रुपए तक कमा सकते हैं। बातचीत के बाद पीड़ित उस महिला की बातों में आकर फंस गए। इसके बाद जालसाज महिला ने पीड़ित को टेलीग्राम ग्रुप पर जोड़ लिया। मैसेज के माध्यम से हुई बातचीत में महिला ने प्रीपेड टास्क, मुनाफा और क्रिप्टो करेंसी के बारे में जानकारी दी। शुरूआत में प्रशिक्षण मिला। पीड़ित का कहना है कि 18 जनवरी से 22 जनवरी के बीच कुल 32 बार में उन्होंने 51 लाख 63 हजार 277 रुपए विभिन्न बैंक खातों में ट्रांसफर कर दिए। उनके द्वारा दिए गए लिंक पर पीड़ित को लाभ समेत 60 लाख रुपए दिखाई दे रहे थे। पीड़ित ने जब रुपए वापस भेजने के लिए कहा तो जालसाजों ने उन्हें वीआईपी चैनल निर्माण, टैक्स भुगतान, जुमार्ना आदि के ना पर अधिक रुपयों की मांग शुरू कर दी। आरोपियों ने कहा कि और भुगतान करने के बाद उन्हें धनराशि मिल जाएगी। इसी बीच उनकी दोस्त से बातचीत हुई तो उन्होंने धोखाधड़ी के बारे में जानकारी दी। इसके बाद पीड़ित ने भारत सरकार के पोर्टल एनसीआरपी पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई। साइबर अपराध थाना पुलिस का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## छात्रों के 2 गुटों में मारपीट

**कॉलेज में वर्चस्व को लेकर बीच सड़क एक–दूसरे से भिड़े, जांच में जुटी पुलिस**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, किठौर थाना क्षेत्र में स्कूली छात्रों का एक दूसरे से भिड़ने और मारपीट करने का वीडियो सामने आया है। छात्र गुटों में वर्चस्व के कारण आपस में जमकर लड़ाई हुई। इतना ही नहीं एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के छात्र के सिर में लोहे की रॉड मार दी। जिससे छात्र बुरी तरह घायल हो गया। पीड़ित छात्र के भाई ने कई नामजद के विरुद्ध थाने में तहरीर दी है।

दरअसल थाना किठौर के गांव राधना निवासी मोहम्मद कैफ पुत्र जुल्फिकार कस्बा किठौर स्थित एक कॉलेज में हाईस्कूल का छात्र है। वही हापुड़ के थाना सिंभावली के गांव अनूपपुर डिबाई निवासी शहजादा पुत्र तालिब, बिलाल पुत्र आस मोहम्मद, असीलपुर निवासी शोएब पुत्र आबिद, जिशान पुत्र नामालूम व जुनैद पुत्र नवाब निवासी जड़ौदा सहपाठी है। बताया जाता है कि कॉलेज में वर्चस्व को लेकर कैफ और शहजादा गुट में तनातनी चल रही है। मामूली कहासुनी के बाद वर्चस्व की लड़ाई सड़क पर आ गई। जिसके बाद शहजादा, बिलाल, शोएब, जिशान, जुनैद और चार अज्ञात लड़कों ने कैफ से मारपीट कर दी। जिसमे कैफ सिर में चोट लगने से घायल हो गया। घटना के बाद घायल छात्र साथियों के साथ थाने पहुंचा और पुलिस को जानकारी दी।

वही पीड़ित छात्र के भाई तस्लीम ने थाने पहुंचकर 5 नामजद व चार अज्ञात के विरुद्ध थाने में तहरीर दी। वही घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

## दिन में करते थे मजदूरी, रात में चोरी

**ग्रेटर नोएडा में 4 शातिर चोर गिरफ्तार, लाखों का माल बरामद; रेकी कर घरों को बनाते थे निशाना**

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर, पुलिस ने एक शातिर चोर गिरोह का भंडाफोड़ किया है। थाना बीटा-2 पुलिस ने चार ऐसे चोरों को गिरफ्तार किया है, जो दिन में राज मिस्त्री बनकर घरों में काम करते और रात में उन्हीं घरों में चोरी करते थे। पुलिस ने इनके पास से एसी, सोने-चांदी के गहने, कीमती कपड़े और भारतीय-विदेशी मुद्रा समेत लाखों का माल बरामद किया है। गिरोह का सरगना विंशु है, जिसके साथ सचिन कुमार, अशोक कुमार और राशिद काम करते थे। ये लोग दिन में मजदूर बनकर सोसाइटियों और कॉलोनियों में जाते और बंद पड़े मकानों की रेकी करते थे। रात में टेम्पो लेकर चुने हुए घरों में चोरी करते थे। चोरी का सामान पारिवारिक मजबूरी का हवाला देकर बेच देते थे। एडीसीपी ग्रेटर नोएडा अशोक कुमार ने बताया कि आरोपियों के पास से चोरी में इस्तेमाल किए गए औजार जैसे छैनी, हथौड़ा और सब्बल भी बरामद हुए हैं। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ चोर आशियाना गोल चक्कर गामा-1 के पास चोरी की योजना बना रहे हैं। इस सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर चारों को धर दबोचा। फिलहाल सभी आरोपियों को जेल भेज दिया गया है और उनके अन्य आपराधिक रिकॉर्ड की जांच की जा रही है।

## सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों पर कार्रवाई

**तीन घंटे के अभियान में 655 लोगों का चालान, थाने ले जाकर कराया मेडिकल**

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद, पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने की बढ़ती शिकायतों के बाद बड़ी कार्रवाई की। पुलिस कमिश्नरेट के तीनों जोन में चलाए गए विशेष तीन घंटे के अभियान में 655 लोगों को गिरफ्तार किया गया। नगर जोन में सबसे ज्यादा 300 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इसमें नंदग्राम से 79, घंटाघर से 64, विजयनगर से 63, मधुबन बापूधाम से 40, सिहानी गेट से 32 और कवि नगर से 22 लोगों को पकड़ा गया। देहात जोन में कुल 190 लोगों पर कार्रवाई हुई। क्रॉसिंग रिपब्लिक से 42, ट्रॉनिका सिटी से 30, मोदीनगर से 27, लोनी बॉर्डर से 20, मसूरी से 14, मुरादनगर से 13, भोजपुर से 11, अंकुर विहार से 10, लोनी से 9, तथा निवाड़ी और वेव सिटी से 7-7 लोगों को पकड़ा गया। ट्रांस हिंडन क्षेत्र में 165 लोगों पर कार्रवाई की गई। इंदिरापुरम से 36, कौशांबी और साहिबाबाद से 30-30, टीला मोड़ से 25, लिंक रोड से 22, शालीमार गार्डन से 12 और खोड़ा से 10 लोग पकड़े गए। सभी पकड़े गए लोगों को थाने लाया गया, जहां उनका मेडिकल परीक्षण कराने के बाद पुलिस एक्ट की धारा 34 के तहत चालान किया गया। पुलिस के अनुसार, खुले में शराब पीने से आम नागरिकों को होने वाली परेशानी को देखते हुए यह कार्रवाई की गई।

## संक्षेप

### परशुराम लक्ष्मण संवाद सुनने को डटे रहे ग्रामीण

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। क्षेत्र के ग्राम पंधरी में समाधिस्थ संत स्वामी मदारी दास महाराज की समाधि प्रांगण में हुए रामलीला के मंचन में परशुराम लक्ष्मण संवाद देखने के लिए सुबह तक ग्रामीण डटे रहे। जनक विलाप देखकर लोगों के आंसू छलक उठे।

ब्रह्मलीन संत स्वामी मदारी दास महाराज के समाधिस्थ होने के 100 वर्ष पूर्ण होने पर उनकी समाधि में विशाल भंडारे के बाद रात्रि में रामलीला का आयोजन कराया गया। राम की भूमिका का निर्वाहन सुमित शुक्ला कानपुर, लक्ष्मण की भूमिका उदित शुक्ला कानपुर, परशुराम का अभिनय गोपाल अवस्थी कानपुर, जनक का अभिनय राजू तिवारी टेढ़ा ने किया। कॉमिक की भूमिका पिंटू तिवारी महोबा ने निभाई। जनक विलाप देखकर ग्रामीणों के आंसू छलक पड़े। परशुराम लक्ष्मण संवाद सुनने के लिए सुबह तक ग्रामीण जमे रहे। इस मौके पर पूर्व प्रधान अरविंद उर्फ बाले गुप्ता, रामदेव तिवारी, अनिल साहू, प्रेमचंद गुप्ता, मैकूलाल गुप्ता, बड़े साहू, अनुज तिवारी आदि मौजूद रहे।

### इलेवन स्टार मौहर ने हमीरपुर को 39 रन से हराया

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। क्षेत्र के स्व.रीतू संजय नवीन मेमोरियल टूनार्मेंट पंधरी में इलेवन स्टार मौहर बनाम हमीरपुर के बीच मुकाबला हुआ। जिसमें इलेवन स्टार पहले खेलते हुए 15 ओवर में 164 रन बनाए। जवाब में हमीरपुर 125 रन बनाकर आउट हो गई और 39 रन से मैच हार गई। इलेवन स्टार की तरफ से अंशू ने 70 रनों का योगदान दिया और साथी खिलाड़ी मलिंगा ने अच्छी गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट लिए। संजय गुप्ता और धर्मेंद्र यादव ने आंखो देखा हाल सुनाया। अनुज तिवारी व शिवम त्रिपाठी स्कोरर रहे। इस मौके पर धर्मराज गुप्ता, गंगा कुशवाहा, रामाधार तिवारी सहित तमाम क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

# जनवरी का वेतन रोकने पर सयुक्त मोर्चा ने जताया विरोध

**जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को दिया ज्ञापन**

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। शिक्षकों का जनवरी माह का वेतन बाधित करने के आदेश के विरोध में शिक्षक शिक्षामित्र अनुदेशक कर्मचारी संयुक्त मोर्चा ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष वीरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि जनवरी माह का वेतन तत्काल बहाल करना चाहिए क्योंकि विद्यालय स्तर पर जितना काम होना था वह हो चुका है शेष काम विभाग स्तर का है। प्रवेश पंजिका और आधार में अलग-अलग डाटा होने की वजह से आईडी नहीं बन पा रही है। पहले विभाग को बच्चों के आधार को सही कराने की कोशिश करनी चाहिए।

जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष प्रभाकांत मिश्रा ने कहा कि 26 तारीख को राष्ट्रीय पर्व होने कारण हमारा शिक्षक पिछले 15 दिनों से लगातार विद्यालय जा रहा है और इस रविवार को पुन विद्यालय खुलने से पूरे 20 दिन लगातार काम करने से शिक्षक बीमार हो रहे है। इस तरह छुट्टी में भी विद्यालय खोलने से शिक्षकों को मानसिक और शारीरिक तौर पर परेशान किया गया है।

विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वे एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष विनीत कुमार सिंह ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को अपार आईडी के पंजीकरण में आ रही विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। इसके लिए निर्धारित प्रारूप खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर दिए जा रहे हैं। वहीं विशिष्ट बीटीसी वेलफेयर एसोसिएशन की प्रांतीय उपाध्यक्ष शालिनी मिश्रा ने शिक्षिकाओं की सीसीएल निरस्त करने का कठोर शब्दों में विरोध किया।

सयुक्त मोर्चा जिला मीडिया प्रभारी हरिशंकर राठौर ने बताया कि यदि वेतन जल्द जारी नही किया जाता है तो संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारी बैठक कर आंदोलन की रणनीति तय करने के लिए मजबूर होंगे जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी विभाग की होगी। ज्ञापन में वि बीटीसी वे एसो की प्रदेश संगठन मंत्री शशि प्रभा सिंह, प्राथमिक शिक्षक संघ जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरिकृष्ण गुप्ता, जू हा स्कूल शि संघ के महामंत्री सुधीर सहगल, प्राथमिक शिक्षक संघ के संयुक्त मंत्री मो रियाज, जू हा शि संघ कोषाध्यक्ष मनोज कुमार मौर्य, प्राथमिक शि संघ जिला मंत्री बृजेश कुमार मौर्य, अटेवा प्रदेश कोषाध्यक्ष विक्रमादित्य मौर्य, संयोजक संयुक्त मोर्चा सुशील कुमार, अरुण कुमार सहित काफी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

### अपार आईडी बनाने में ये आ रही है समस्याएं

- **जन्म प्रमाण पत्र के अभाव में काफी छात्रों के आधार कार्ड नहीं बने हैं**
- **विद्यालय अभिलेख एवं आधार कार्ड में कुछ छात्रों की डिटेल में अंतर**
- **अभिभावकों की सहमत न मिल पाने के कारण अपार आईडी बना संभव नहीं है**
- **छात्रों का दो विद्यालयों में प्रदर्शित होना और इंपोर्ट करने में तकनीकी समस्या**
- **ग्रामीण क्षेत्र में इंटरनेट की बहुतायत समस्या**

### क्या कहता है महानिदेशक का आदेश

महानिदेशक स्कूल शिक्षा उत्तर प्रदेश लखनऊ के पत्रांक संख्या 15110 /22 मार्च 2024 के अनुसार दंड के नाम पर वेतन न रोकने व काम नहीं किया तो कटौती कीजिए का स्पष्ट उल्लेख किया गया है। अपने आदेश में उन्होंने स्पष्ट कहा है की सरकारी सेवक नियमावली 1999 तथा उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद कर्मचारी वर्ग नियमावली 1973 में वेतन अवरोध करना किसी प्रकार के दंड के रूप में नियम नहीं है।

### प्रतिकर अवकाश की मांग

संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों ने सार्वजनिक अवकाश में कार्य कराए जाने के एवज में प्रतिकर अवकाश की मांग की, साथ ही साथ अवगत कराया की जहां तक हो सके सार्वजनिक अवकाश में विद्यालय न खोले जाए, क्योंकि अवकाश के दिनों में शिक्षक कर्मचारी अपने पारिवारिक दायित्वों का निर्वाहन करता है।

# बसंतोत्सव में छात्र छात्राओं ने गीत नाटक प्रस्तुत कर बांधा शमां



अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। कस्बे के भारती शिशु मंदिर में आयोजित बसंत उत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ सदर विधायक डा. मनोज कुमार प्रजापति ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित करके किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे ने की।

सुमेरपुर कस्बे के भारती शिशु मंदिर में प्रतिवर्ष की भांति साल भी बसंत उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सरस्वती वंदना, स्वागत गीत के उपरांत विद्यालय के छात्र छात्राओं ने राष्ट्रीय गीत, कव्वाली, नाटक, लोकगीत, होली गीत आदि प्रस्तुत करके शमा बांध दिया। कार्यक्रम का संचालन अभिषेक चक्रवर्ती ने किया। प्रधानाचार्य रामबाबू चक्रवर्ती ने सभी के प्रति आभार जताया। इस मौके पर भाजपा पूर्वी मंडल के अध्यक्ष रणवीर सिंह लाला, राजेंद्र चौधरी, कल्लू सिंह चंदेल, दिनेश चक्रवर्ती, छोटेलाल प्रजापति, कमलेश प्रजापति, छोटू सिंह, अखिलेश साहू, अरविंद गुप्ता, रामलखन प्रजापति के अलावा छात्र-छात्राओं व अभिभावक मौजूद रहे।

# नन्द घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की.....

**श्रीकृष्ण जन्म की कथा सुनकर भावविभोर हुए श्रोता**

अमन लेखनी समाचार/ हेमन्त यादव

ककरवई, झांसी। कस्बा ककरवई के शिव मंदिर कुशमडिया परिसर में चल रही संगीत में श्रीमद् भागवत कथा में भागवताचार्य पंडित बृजेश कुमार त्रिपाठी द्वाराभगवान के द्वारा गए सभी अवतारोंकी कथा सुनाते हुए कृष्ण जन्म की कथा सुनाई। कथा में उन्होंने कहा कि जब-जब धरती पर अधर्म , पापाचार अत्याचार, अधिक बढ़ जाता है तब परमात्मा किसी न किसी रूप में जन्म लेकर अधर्मियों का नाश कर धर्म की स्थापना करते हैं।। धरती पर जब कंस का अत्याचार अधिक बढ़ गया। तब भगवान ने श्री कृष्ण के रूप में जन्म लेकर अधर्मी कंस का वध कर धर्म की स्थापना की। उनके द्वारा गए गए बधाई गीतों पर श्रोता झूम-झूम कर नाचे। कथा समापन के बाद परीक्षित क्रांति मानवेंद्र द्वारा भागवत महापुराण की आरती की गई। भागवत महापुराण का मूल पाठ स्वतंत्र गौतम द्वारा किया गया। इस मौके पर प्रमुख रूप से गिरजानंदन दीक्षित, राजेंद्र तिवारी, आचार्य हरेंद्र गौतम शास्त्री, पप्पू बुंदेला, क्षेत्रपाल सिंह बुंदेला, कल्लू बुंदेला, लक्ष्मण सिंह यादव, भगवती प्रसाद खरे, मनोहर यादव, कृष्ण गोपाल यादव, कृष्ण गोपाल खरे, ब्रजकिशोर अवस्थी ,जानकी प्रसाद गौतम, आलोक गौतम, नरेंद्र गौतम, कालू मिश्रा, राम प्रकाश समेले, महादेव व्यास, प्रभात प्रजापति, परशुराम प्रजापति, गजराज यादव, विनोद पाठक, शिवकुमार गुप्ता, देवकीनंदन प्रजापति कृष्णगोपाल (आचार्य) सहित बड़ी संख्या में भक्त जन मौजूद रहे।

# महिला को अर्धनग्न कर पीटा वीडियो वायरल

**मामूली धाराओं में मुकदमा दर्ज**

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। थाना क्षेत्र के ग्राम पचखुरा बुजुर्ग में नापदान के पानी को बहाने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। विवाद के बाद एक पक्ष की दो महिलाओं ने दूसरे पक्ष की एक महिला को अर्धनग्न करके डंडों से जमकर पीटा। इस पिटाई का वीडियो पीडिता के पुत्र ने बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। पुलिस ने महज शांति भंग की कार्यवाही करके दोनों पक्ष की महिलाओं को पाबंद कर दिया है। गत सोमवार को पचखुरा बुजुर्ग में नापदान का पानी बहाने को लेकर गांव निवासी गायत्री एवं अखिलेश के मध्य विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर अखिलेश की पत्नी एवं पुत्री आ धमकी और गायत्री को जमीन पर पटककर अर्धनग्न करके डंडों से जमकर पीटा। इस घटना का वीडियो गायत्री के नाबालिक पुत्र ने बनाकर देर शाम सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। वीडियो के वायरल होने के बाद पुलिस ने अखिलेश का शांति भंग में चालान करके अखिलेश की पत्नी, पुत्री के साथ गायत्री, पुत्री पारुल को पाबंद किया है। सुरौली पुलिस चौकी इंचार्ज गुरु चरण सरोज ने बताया कि नापदान के पानी बहाने को लेकर विवाद हुआ था। अखिलेश का शांति भंग में चालान किया गया है।

## शादी समारोह में युवक को साथियों ने किया मरणासन्न

**पुलिस ने दर्ज किया प्राणघातक हमले का मुकदमा**

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। शादी समारोह में शामिल होने गए एक युवक को गांव के तीन युवकों ने पीटकर मरणासन्न कर दिया। युवक की तहरीर पर पुलिस ने तीन युवकों के खिलाफ प्राणघातक हमले का मुकदमा दर्ज किया है। घटना के बाद तीनों युवक फरार है। पंधरी गांव निवासी मनीष प्रजापति, अतुल कुमार, अनिल यादव, नितिन यादव बांदा जनपद के पैलानी थाना क्षेत्र के अतराहट गांव एक शादी समारोह में शामिल होने गए थे। किसी बात को लेकर मनीष का विवाद उक्त तीनों युवकों से हो गया। इससे नाराज होकर अतुल कुमार, अनिल यादव, नितिन यादव ने मनीष प्रजापति को पीटकर मरणासन्न कर दिया और मौके से फरार हो गए। किसी तरह से घर लौटे मनीष ने तीनों के खिलाफ जान से मारने के प्रयास का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने तीनों युवको के खिलाफ प्राणघातक हमने का मुकदमा दर्ज किया है। घायल युवक को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। मुकदमा दर्ज होते ही तीनों आरोपी भूमिगत हो गए हैं।

# जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में की जनसुनवाई



अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर ।जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई कर जन सामान्य की शिकायतों को सुना एवं संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में लगभग 78 शिकायते प्राप्त हुई जिनमें से अधिकांश का जिलाधिकारी ने त्वरित ढंग से मौके पर निस्तारण कर दिया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने समस्त एसडीएम , खंड विकास अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ वर्चुअल/ जूम एप के माध्यम से बैठक कर उनके तत्काल निस्तारण हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम ,बीडीओ व अन्य संबंधित अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर जन समस्याओं का त्वरित ढंग से निस्तारण किया जाए इसमें किसी भी तरह किसी शिथिलता न बरती जाए। जिलाधिकारी ने कहा की जनसुनवाई, आईजीआरएस व अन्य माध्यमों से प्राप्त होने वाले प्रकरणों का सभी संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण कर उसकी समय से आख्या दी जाए।

# झूठी शिकायत पर हाईकोर्ट की फटकार, कार्रवाई का आदेश

## आबादी की भूमि पर 25 वर्षों से कब्जा

अमन लेखनी समाचार



सुल्तानपुर के जयसिंहपुर तहसील में तालाब अतिक्रमण का एक विचित्र मामला सामने आया है। शिकायतकर्ता राजेंद्र प्रसाद पांडेय ने सत्यदेव सिंह पर तालाब में अतिक्रमण का आरोप लगाया था, लेकिन लेखपाल राम सुभावन की जांच रिपोर्ट में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है।

जांच में पता चला कि आरोपी सत्यदेव सिंह का तालाब पर कोई अतिक्रमण नहीं है, बल्कि स्वयं शिकायतकर्ता राजेंद्र प्रसाद पांडेय का मकान और छप्पर तालाब की भूमि पर अवैध रूप से बना हुआ है। इस अतिक्रमण को हटाने के लिए पिछले 17 वर्षों से बेदखली की कार्यवाही चल रही है। राजस्व टीम ने 6 मार्च 2024 को मौके का निरीक्षण किया और पाया कि सत्यदेव सिंह का शौचालय और पेड़ गाटा संख्या 401 की पुरानी आबादी भूमि में स्थित हैं, जहां वे 25 वर्षों से रह रहे हैं

### पहले ही दे चुके हैं बयान

लखनऊ हाईकोर्ट ने याचिका संख्या 11179/2024 में महत्वपूर्ण आदेश जारी करते हुए एसडीएम जयसिंहपुर को निर्देश दिया है कि गाटा संख्या 408 और 414 में दोबारा नोटिस जारी न किया जाए। पूर्व लेखपाल और राजस्व निरीक्षक पहले ही2 अदालत में बयान दे चुके हैं कि गाटा संख्या 408 में सत्यदेव

### टुकड़ों में नहीं हो सकती कार्रवाई

कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि एक ही गाटे में किसी व्यक्ति के खिलाफ टुकड़ों में कार्रवाई नहीं की जा सकती। एसडीएम ने अब द्वितीय नोटिस को निरस्त कर दिया है और तहसीलदार न्यायालय को प्रकरण की जांच का आदेश दिया है।

# ट्रक की चपेट में आने से युवक का कटा पैर



अमन लेखनी समाचार

सुलतानपुर में बाइक सवार का पैर ट्रक की चपेट में आ गया। मदनपुर निवासी अशफाक अहमद मंगलवार शाम लगभग 3 बजे बाइक पर लोहे की मोटी नलकूप पाइप लेकर शहर की ओर जा रहे थे। दोमुहा चौराहे के पास पाइप के कारण बाइक अनियंत्रित हो गई और वे गिर पड़े ।इसी दौरान पीछे से आ रही खाद्यान्न से लदी ट्रक ने उनके दाहिने पैर को कुचल दिया। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन लेकर सुलतानपुर की ओर फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत परिजनों को सूचित किया और एंबुलेंस की मदद से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया। जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जाम और रूट डायवर्जन के कारण पुलिस टीम घटनास्थल पर नहीं पहुंच सकी। अशफाक इन दिनों गांव से बाहर हाईवे किनारे मदनपुर बाजार में मकान का निर्माण करवा रहे हैं। पुलिस फरार ट्रक चालक की तलाश में जुटी है।

# बिजली विभाग में निजीकरण को लेकर कर्मचारियों ने किया विरोध प्रदर्शन

## 55 वर्ष की आयु वाले संविदा कर्मियों को नौकरी से निकाला जा रहा है



अमन लेखनी समाचार

सुल्तानपुर में विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के नेतृत्व में बिजली कर्मचारियों ने दरियापुर मंडल कार्यालय पर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। संघर्ष समिति का आरोप है कि विभाग के निजीकरण की तैयारी के तहत बड़े पैमाने पर संविदा कर्मचारियों को मनमाने तरीके से बर्खास्त किया जा रहा है ।समिति के अनुसार, 2019 के एक पुराने आदेश का हवाला देकर 55 वर्ष की आयु पूरी करने वाले संविदा कर्मियों को नौकरी से निकाला जा रहा है। अब तक लगभग 1200 संविदा कर्मचारियों को पहले ही हटाया जा चुका है। जिनमें कई ऐसे कर्मचारी भी शामिल हैं जो 55 वर्ष की आयु सीमा से कम के हैं।

### दस्तावेजों को जलाकर अपना विरोध दर्ज कराया

समिति का कहना है कि निजीकरण के बाद निजी कंपनियों को लाभ पहुंचाने के लिए 25 प्रतिशत संविदा कर्मियों की छंटनी की जा रही है। जिससे प्रदेश भर में करीब 20,000 कर्मचारियों का रोजगार संकट में है। कर्मचारी नेताओं ने एक गंभीर मुद्दा उठाते हुए बताया कि कई संविदा कर्मी जो विभाग में काम करते हुए विकलांग हो गए, उन्हें भी नौकरी से निकाला जा रहा है।

# क्षेत्र पंचायत व जिला पंचायत सदस्यों के रिक्त पदों पर उप निर्वाचन द्वारा अधिसूचना जारी

संवाददाता

अमेठी जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी(पं0) निशा अनंत ने बताया कि उ0प्र0 राज्य निर्वाचन आयोग के अनुपालन में जनपद के सम्बन्धित विकास खण्डों में क्षेत्र पंचायतों तथा जिला पंचायतों के सदस्यों के आकस्मिक रूप से रिक्त स्थानों/पदों, जो न्यायालय के स्थगनादेश से बाधित न हो, पर उप निर्वाचन विनिर्दिष्ट समय सारिणी के अनुसार कराये जाने हेतु निर्देशित किया है। इस क्रम में उन्होंने बताया कि नाम निर्देशन पत्रों को जमा करने की अन्तिम तिथि 08 फरवरी 2025 को पूर्वान्ह 10 बजे से अपरान्ह 04 बजे तक, नाम निर्देशन पत्रों की जांच 10 फरवरी 2025 को पूर्वान्ह 10 बजे से कार्य की समाप्ति तक, उम्मीदवारी वापसी लेने हेतु 11 फरवरी 2025 को पूर्वान्ह 10 बजे से अपरान्ह 03 बजे तक, प्रतीक आवंटन 11 फरवरी 2025 को अपरान्ह 03 बजे से कार्य की समाप्ति तक एवं मतदान 19 फरवरी 2025 को प्रातः 07 बजे से 05 बजे तक तथा मतगणना 21 फरवरी 2025 को प्रातः 08 बजे से कार्य की समाप्ति तक सम्पन्न किया जायेगा। उन्होंने बताया उल्लिखित समय सारिणी के अनुसार क्षेत्र पंचायत सदस्य के रिक्त 04 विकास खण्डों क्रमशः वि0खं0-अमेठी के प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-02 सरायखेमा वार्ड सं0-03 से 08 तक महिला श्रेणी तथा वि0ख0-गौरीगंज के प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-24 गुवावां वार्ड सं0-01 से 07 तक अनुसूचित जाति महिला श्रेणी तथा वि0खं0-जगदीशपुर के प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-18 देवकली प्रथम वार्ड सं0-03 से 07 तक अनारक्षित श्रेणी तथा वि0खं0-तिलोई के प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-72 अहुरी द्वितीय वार्ड सं0-07 से 12 तक अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी व जिला पंचायत सदस्य हेतु क्षेत्र पंचायत मुसाफिरखाना व जगदीशपुर के जिला पंचायत वार्ड सं0-03 में महिला श्रेणी हेतु सार्वजनिक सूचना 05 फरवरी 2025 को निर्गत करने के साथ ही नामांकन पत्रों का विक्रय प्रारम्भ हो जायेगा एवं उक्त उप निर्वाचन उ0प्र0 क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत (सदस्यों का निर्वाचन) नियमावली-1994 के अनुसार सम्पन्न होगा।

# घर में लगी भीषण आग, फायर ब्रिगेड व पुलिस ने टाला बड़ा हादसा

## आग से गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिले में आज सुबह एक घर में अचानक लगी आग से हड़कंप मच गया। गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र के पूरे रोहिणी मजरे सराय भगमानी गांव में अशोक मिश्र के घर में अज्ञात कारणों से आग लग गई ।घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे और तत्काल पुलिस को सूचित किया। स्थानीय लोगों ने अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। सूचना मिलते ही गौरीगंज पुलिस और दमकल विभाग की टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंची ।पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने पहले घर में फंसे लोगों और मवेशियों को सुरक्षित बाहर निकाला और फिर आग पर काबू पाया। गौरीगंज के एसएचओ श्याम नारायण पांडेय ने बताया कि पुलिस और दमकल विभाग की समयबद्ध कार्रवाई से किसी भी तरह की जनहानि नहीं हुई। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। स्थानीय प्रशासन द्वारा नुकसान का आकलन किया जा रहा है ताकि प्रभावित परिवार को उचित मुआवजा और सहायता प्रदान की जा सके।


**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



## गले में रुद्राक्ष..., माथे पर त्रिपुंड 'रुद्र' अवतार में दिखे प्रभाष...

**मुंबई।** बाहुबली फेम प्रभास के फैंस हमेशा ही उनकी फिल्मों को लेकर एक्साइटेड रहते हैं। बाहुबली के बाद प्रभास को साउथ में ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में एक नई पहचान मिली है। कल्कि 2898 एडी के बाद अब प्रभास अपनी नई फिल्म 'कन्नप्पा' में नजर आने वाले हैं। ऐसे में 'कन्नप्पा' से प्रभास का लुक सामने आ गया है। प्रभास का लुक रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर छा गया है। सुपरस्टार प्रभास ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी अपकमिंग मूवी 'कन्नप्पा' से अपना लुक शेयर किया है। उन्होंने एक तस्वीर पोस्ट किया है, जिसमें वो 'रुद्र' अवतार में नजर आर रहे हैं। इस तस्वीर को पोस्ट करते हुए प्रभास ने कैप्शन में लिखा, 'ॐ दिव्य संरक्षक 'रुद्र' ॐ'।

लाइफ Style

## अंजनी

### सलमान की सिकंदर में एंट्री पक्की

एजेंसी ▸▸ मुंबई

सिकंदर रिलीज से पहले ही खबरों में है। फिल्म को लेकर आए दिन कोई न कोई ऐसा अपडेट सामने आता है जो फिल्मी दुनिया में बज क्रिएट कर देता है। एक बार फिर कुछ ऐसा ही हुआ है। सलमान खान की फिल्म सिकंदर में एक बॉलीवुड एक्ट्रेस की एंट्री हुई है।

खुद एक्ट्रेस ने फिल्म में काम करने की खबर को कन्फर्म किया है। सिकंदर में सलमान खान के साथ काम करने वाली यह अभिनेत्री कोई और नहीं बल्कि अंजनी धवन हैं। 24 साल की अंजिनी ने पिछले साल ही फिल्म बिन्नी एंड फैमिली से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। अब अंजिनी को मच अवेटेड फिल्म में एंट्री मिल गई है। अंजिनी धवन ने खुद सिकंदर में अपनी एंट्री को कन्फर्म किया है। एक बातचीत में उन्होंने फिल्म के सेट से अपना एक्सपीरियंस शेयर किया है। अंजिनी ने कहा, मैं इससे ज्यादा आभारी नहीं हो सकती हूं। हर बार जब मैं फिल्म के सेट पर जाती हूं तो मुझे खुद को चुटकी काटते हुए पूछना पड़ता है कि क्या यह रियल लाइफ है या मैं सपना देख रही हूं? हर एक दिन एक चुटकी लेने वाला पल होता है। अंजिनी धवन सलमान खान की बहुत बड़ी फैन हैं और उनके साथ काम करने को लेकर वह बहुत एक्साइटेड हैं। उन्होंने कहा, मैं उनकी सबसे बड़ी फैन बनकर बड़ी हुई हूं। मुझे उनकी फिल्में बहुत पसंद हैं, खासकर वे फिल्में जो उन्होंने और डेविड धवन सर ने साथ में की हैं, मुझसे शादी करोगी (2004) से लेकर पार्टनर (2007) तक बाद वाली फिल्म मुझे हर दिन देखने को मिलती है।



हॉलीवुड मसाला



## पुरानी पोस्ट पर मांगी माफी

**लॉस एंजिलिस।** ट्रांसजेंडर अभिनेत्री कार्ला सोफिया गैसकॉन ने हाल ही में संगीत आधारित फिल्म 'एमिलिया पेरेज' के लिए ऑस्कर नामांकन पाकर इतिहास रच दिया था। अब वह अपनी पुरानी पोस्ट्स की वजह से विवादों में घिर गई हैं। हालांकि, उन्होंने सोशल मीडिया पर किए गए अपने कुछ पुरानी पोस्ट्स को लेकर माफी मांगी भी मांग ली है। इन पोस्ट्स में उन्होंने इस्लाम और जॉर्ज फ्लॉयड के बारे में विवादास्पद टिप्पणियां की थीं। बता दें कि 'एमिलिया पेरेज' को ऑस्कर में कुल 13 नामांकन प्राप्त हुए हैं।



## बिना कपड़ों के ग्रैमी में पहुंचीं बियांका...

**लॉस एंजिलिस।** ग्रैमी अवॉर्ड्स संगीत की दुनिया का सबसे प्रतिष्ठित अवॉर्ड समारोहों में से एक है। इस समारोह में म्यूजिक की धुन भी सुनाई देती है और रेड कार्पेट पर फैशन का जलवा भी दिखाई देता है। हर साल की तरह इस साल भी लॉस एंजिलिस में ग्रैमी अवॉर्ड्स होस्ट हुआ। इस ग्रैंड इवेंट में कुछ सितारे ट्रॉफी लेने आए तो किसी ने अपनी परफॉर्मेंस से लोगों के होश उड़ाए। कुछ सेलिब्रिटीज ने अनोखे लुक से भी लोगों का ध्यान खींच लिया। इनमें से एक कान्ये वेस्ट की पत्नी बियांका सेंसरी भी हैं। बियांका सेंसरी और कान्ये वेस्ट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। रेड कार्पेट पर आने से पहले उन्होंने ब्लैक कलर का लॉन्ग जैकेट पहना था। मगर जैसे ही पोज देने की बारी आई तो उन्होंने अपना जैकेट उतार दिया। बियांका सेंसरी ने इवेंट में ट्रांसपेरेंट कपड़ा पहना था। उनका ये लुक देख कोई दंग रह गया।



## अनन्या की जोड़ी अक्षय के साथ बनी...

**मुंबई।** बॉलीवुड के खिलाड़ी अक्षय कुमार का करियर एक बार फिर से ट्रैक पर लौटता हुआ दिखाई दे रहा है। इंडो-पाकिस्तान के बीच 1965 में हुई एयरस्ट्राइक के बाद अब अक्षय कुमार एक बड़ी ऐतिहासिक ड्रामा फिल्म के साथ फिल्मी पर्दे पर लौटने के लिए कमर कस रहे हैं। फिल्म में उनके साथ पहली बार करण जौहर की स्टूडेंट अनन्या पांडे की जोड़ी नजर आने वाली है। दोनों की अपकमिंग फिल्म का टाइटल क्या है और कौन से फेस्टिवल पर अक्षय कुमार अपनी हिस्ट्रोरिकल ड्रामा फिल्म को रिलीज करेंगे। हेरा फेरी 3, वेलकम टू द जंगल, हाउसफुल 5 के बाद अक्षय कुमार अपनी साल 2019 की सबसे सफल फिल्म का सीक्वल लाने की तैयारी कर रहे हैं। पहले उनकी फिल्म का टाइटल शंकर रखा गया था, जिसे अब बदलकर केसरी चैप्टर 2 कर दिया गया है।



## 'दृश्यम-3' में अजय के साथ दिखेंगे मोहन

**मुंबई।** मलयालम सिनेमा को अंतर्राष्ट्रीय प्रसिद्धि दिलाने वाली लेखक-निर्देशक जीतू जोसफ की फिल्म 'दृश्यम' का जिक्र होते ही लोग इसकी तीसरी कड़ी की स्थिति जानने के लिए उत्सुक हो जाते हैं। चर्चा रही है कि इसकी तीसरी कड़ी में मलयालम अभिनेता मोहन लाल और इसकी हिंदी रीमेक के हीरो अजय देवगन एक साथ नजर आ सकते है और ये हिंदी व मलयालम कहानियों का अनोखा क्रॉसओवर भी हो सकता है। फिल्म 'दृश्यम' नाम से पहली फिल्म साल 2013 में मलयालम में रिलीज हुई और फिल्म हिट होते ही अगले ही साल इसका कन्नड़ रीमेक 'दृश्या' और तेलुगु रीमेक 'दृश्य्म' भी रिलीज हो गया। ये फिल्में भी हिट रहीं तो साल 2015 में इसका हिंदी रीमेक 'दृश्यम' और तमिल रीमेक 'पापनाशम' भी रिलीज हुए। ये दोनों फिल्में सुपर हिट रहीं।

टीवी मसाला





## एकता ने की सुपरनैचुरल शो नागिन 7 की अनाउंसमेंट...

**मुंबई।** एकता कपूर को टीवी की क्विन यूं ही नहीं कहा जाता है। वह छोटे पर्दे पर कई हिट सीरियल्स देकर लोगों का मनोरंजन कर चुकी हैं। बचपन में शायद आपने भी कभी न कभी 'कसौटी जिंदगी की', 'कहानी घर-घर की' और 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' जैसे धारावाहिक नाटकों को आपने जरूर देखा होगा। नागिन 6 के ऑफ-एयर होने के बाद से ही दर्शक इसके अगले सीजन का इंतजार कर रहे हैं। आखिरकार एकता कपूर ने इस शो की राह देखने वालों की एक्साइटमेंट को बढ़ा दिया है। उन्होंने सीजन 7 की जानकारी देते हुए एक वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। वीडियो में देखा जा सकता है कि एकता टीम के साथ बैठी हुई हैं और नागिन के बारे में सवाल करती हैं। उन्होंने कहा, जो कोई भी इस बारे में जानना चाहता है कि नागिन कहां है? तो ये लड़की आज हम सभी को नागिन के बारे में जानकारी देगी। इसके बाद उनके साथ बैठी महिला ने कहा, नागिन पर्वत के नीचे और जहां होनी चाहिए वहीं पर है। इसके बाद एकता ने अनाउंसमेंट कर दी कि अब सर्वश्रेष्ठ नागिन बनाने का समय आ गया है।

### सौतेली मां पर फूटेगा प्रेम का गुस्सा

**मुंबई।** टीवी सीरियल अनुपमा का आज सोमवार का एपिसोड एक अजीब सी कश्मकश के नाम रहेगा जिसमें एक तरफ प्रेम परेशान है और दूसरी तरफ राही। उधर कोठारी परिवार में भी चीजें ठीक नहीं चल रही हैं जिनके बारे में दर्शको को आज के एपिसोड में पता चलेगा। रुपाली गांगुली और अद्रिजा रॉय स्टारर टीवी सीरियल अनुपमा के 3 फरवरी के एपिसोड में आप देखेंगे कि प्रेम और उसकी सौतेली मां के बीच काफी अजीब सा टेंशन देखने को मिलेगा। दरअसल प्रेम जब अपने कमरे में जाएगा तो सालों बाद उसी कमरे में खुद को पाकर पुरानी यादों में खो जाएगा। हर चीज को छूना उसके बचपन की यादें ताजा कर देगा और इसी बीच पहली बार शो में प्रेम की मां को भी दिखाया जाएगा। दरअसल वो अपनी मां के बारे में सोच रहा होगा और इस बीच दर्शक पहली बार प्रेम की सगी मां को देखेंगे। कमरे में प्रेम को जब उसकी बचपन में बनाई एक पेन्टिंग दिखाई पड़ेगी तो वह देखेगा कि किसी ने उसे फ्रेम करवाकर रख दिया है। तभी कमरे में प्रेम की सौतेली मां ख्याति कदम रखेगी।



## 50 साल में कंट्री ग्रैमी जीतने वाली पहली अश्वेत महिला बनीं बियॉन्से

*बियॉन्से ने इतिहास रच दिया है। इस बार वह 50 वर्षों में देशी संगीत श्रेणी में ग्रैमी जीतने वाली पहली अश्वेत महिला बन गईं। बियॉन्से ने 'II मोस्ट वांटेड' गीत पर माइली साइरस के साथ सहयोग के लिए सर्वश्रेष्ठ कंट्री डुओ/ग्रुप परफॉर्मेंस के लिए ग्रैमी पुरस्कार जीता।*



***लॉस एंजिलिस।*** *बियॉन्से ने 2025 ग्रैमी अवार्ड्स शाम में 11 नामांकन के साथ एंट्री की, जिसमें काउबॉय कार्टर के लिए एल्बम ऑफ द ईयर और बेस्ट कंट्री एल्बम के लिए मंजूरी भी शामिल है। उनके हिट सॉन्ग 'टेक्सास होल्ड 'एम' को भी कई श्रेणियों में नामांकित किया गया था, जिसमें सॉन्ग ऑफ द ईयर, रिकॉर्ड ऑफ द ईयर और बेस्ट कंट्री सॉन्ग शामिल हैं। कंट्री श्रेणी में उनकी जीत ऐतिहासिक है, क्योंकि उन्होंने 50 साल की लंबे इंतजार को खत्म कर दिया है, जिससे बियॉन्से कंट्री ग्रैमी हासिल करने वाली पहली अश्वेत महिला बन गई हैं। डुओ या ग्रुप द्वारा सर्वश्रेष्ठ देशी गायन प्रदर्शन का पिछला रिकॉर्ड धारक 1975 में द पॉइंटर सिस्टर्स था। प्रीमियर समारोह में बियॉन्से ने शाम का अपना पहला पुरस्कार भी जीता। अब तक वह कुल 33 ग्रैमी जीत चुकी हैं। हॉलीवुड रिपोर्टर के अनुसार, वह पहले से ही इतिहास में सबसे अधिक सम्मानित ग्रैमी कलाकार हैं। बियॉन्से ने साल 2023 में ग्रैमी अवॉर्ड जीतकर कंडक्टर जॉर्ज सोल्टी को पीछे छोड़ा था और ग्रैमी इतिहास में सबसे ज्यादा अवॉर्ड जीतने वाली सिंगर बन गई थीं। उस समय वह 32 ग्रैमी अवॉर्ड जीतने के बाद ऑल टाइम लीडर बन गईं। इस साल उन्होंने दो ग्रैमी अवॉर्ड जीते हैं। ऐसे में अब वह 34 ग्रैमी अवॉर्ड जीत चुकी हैं।*

## दुनियाभर में स्काई फोर्स 150 करोड़ पार




**मुंबई।** बीते समय में लगातार फ्लॉप फिल्में देने वालीं सुपरस्टार अक्षय कुमार के लिए स्काई फोर्स कामयाबी की नई सौगात लेकर आई है। बॉक्स ऑफिस पर इस मूवी के धमाकेदार प्रदर्शन के दम पर उनकी हिट फिल्मों का सूखा पूरी तरह से खत्म हो गया है। वीकेंड पर एक बार फिर से मूवी की कमाई में तेजी देखने को मिली है, जिसके चलते वर्ल्डवाइड स्काई फोर्स के कलेक्शन में जबरदस्त उछाल आया है। बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के अनुसार रिलीज 10वें दिन स्काई फोर्स ने करीब 10 करोड़ से अधिक का वर्ल्डवाइड कलेक्शन किया है, जिसकी बदौलत फिल्म की टोटल ग्लोबली इनकम 151 करोड़ के पार पहुंच गई है।

## बॉलीवुड जगत में इन अभिनेत्रियों के एक्शन का बजता है डंका ...

'रक्त ब्रम्हांड' में सामंथा एक बार फिर अपने एक्शन अवतार में आएंगी नजर

***मुंबई।*** *बॉलीवुड जगत अपनी अलग-अलग कहानियों और शानदार फिल्मों के कारण चर्चा में बना रहता है। फिल्मी जगह की अभिनेत्रियां भी अक्सर अपनी अलग तरह की फिल्मों के कारण चर्चा में रहती हैं। राज एंड डीके की सीरीज 'रक्त ब्रम्हांड' में सामंथा रुथ प्रभु एक बार फिर अपने एक्शन अवतार में नजर आएंगी। सामंथा इस सीरीज में आदित्य रॉय कपूर के साथ स्क्रीन शेयर करेंगी। आइए आपको बताते हैं ऐसी कुछ अभिनेत्रियों के बारे में जो अपनी एक्शन फिल्मों के कारण चर्चा में रहीं।*



**सामंथा रुथ प्रभु :** सामंथा रुथ प्रभु अपनी फिल्म रक्त ब्रम्हांड के कारण चर्चा में हैं। इससे पहले वे ओटीटी पर रिलीज हुई फिल्म सिटाडेल हनी बनी में अपने एक्शन अवतार में नजर आईं थीं। सामंथा इस सीरीज में वरुण धवन के साथ एक्शन सीक्वेंस करती नजर आईं थीं।



**प्रियंका चोपड़ा :** बॉलीवुड से हॉलीवुड में जाकर अपने करियर की अलग बुलंदी हासिल करने वाली प्रियंका चोपड़ा भी अपनी एक्शन फिल्मों के कारण चर्चा में रहती हैं। वे डॉन 2 (2011), अग्निपथ (2012) और कृष 3 (2013) में नजर आ चुकी हैं।



**शरवरी :** शरवरी को फिल्म 'मुंज्या' में देखा गया था। वे अब अपनी फिल्म 'अल्फा' के कारण चर्चा में हैं। इस फिल्म में शरवरी का एक्शन अवतार नजर आ सकता है।



**आलिया भट्ट :** फिल्म 'अल्फा' में शरवरी के साथ आलिया भट्ट भी नजर आने वाली हैं। आलिया इससे पहले 'जिगरा' में भी अपना एक्शन अवतार नजर आ चुकी हैं।



**दिशा पटानी :** बॉलीवुड अभिनेत्री दिशा पटानी को भी उनके एक्शन अवतार के कारण जाना जाता है। वे इससे पहले बागी 2 (2018), मलंग (2020), कल्कि 2898 एडी (2024) फिल्मों में एक्शन सीन कर चुकी हैं।



**करीना कपूर खान :** करीना कपूर भी बॉलीवुड में कई एक्शन फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। साल 2009 में रिलीज हुई फिल्म 'कुर्बान' एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है। इसमें करीना ने अवंतिका नाम की प्रोफेसर का रोल किया है। 'गब्बर इज बैक' भी करीना के करियर की अहम थ्रिलर फिल्मों में से एक हैं।

## फिल्म मिलने के बाद शुरू की शादी की तैयारियां...



**मुंबई।** महाकुंभ 2025 इन दिनों जमकर सुर्खियों में है। कभी कुंभ से भारी श्रद्धालुओं की भीड़ सुर्खियों में आती है तो कभी साधु संत और विवादों की वजह से अखाड़े भी हेडलाइन में आ जाते हैं। इतना ही नहीं इस महाकुंभ में विक्रेता भी जमकर चर्चाओं में आए हैं। खासतौर पर माला बेचने वाली मोनालिसा। जी हां, माला बेचकर मोनालिसा रातों रात पॉपुलर हो गई हैं। वह भी अपनी माला की वजह से नहीं अपनी खूबसूरत आंखों की वजह से। मोनालिसा ने जमकर हेडलाइन बटोरीं। कुंभ में आकर मोनालिसा इतनी पॉपुलर हो गई कीं उन्हें फिल्मों के ऑफर तक मिलने लगे। बताया जा रहा है कि मोनालिसा को फिल्म के लिए लाख रुपये मिले हैं, लेकिन बीते दिन मोनालिसा ने इस खबर को झुठला दिया था, लेकिन उन्होंने फिल्म के ऑफिर मिलने वाली खबर पर हामी भरी थी।मोनालिसा इतनी पॉपुलर हो गई हैं कि हर कोई उनसे जुड़ी हर एक छोटी बड़ी खबर जानने के लिए उत्सुक रहता है। बता दें कि मोनालिसा के सोशल मीडिया पर कई फैन पेज भी बन गए हैं जिसपर आए दिनों उनके फोटो और वीडियो जमकर वायरल हो रहे हैं। हाल ही में मोनालिसा का एक वीडियो जमकर वायरल हो रहा है।